

दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



पिता के संदेश ने छुड़वाई शराब की लत...

'टॉक्सिक' ने जिंदगी में किए ये खास बदलाव

वर्ष : 12 | अंक : 158 | लखनऊ, 01 जून, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने कई बातों का किया जिक्र

कार्यक्रम में 'प्रेरणा, परंपरा और प्रगति' की बात की

# अब देश में 'शिकायत नहीं शुरुआत' का नया मंत्र, मनोरमा नदी साफ हुई

2014 में शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब एक प्रमुख जनसंपर्क मंच बन चुका है। रविवार के एपीसोड में उन्होंने 'प्रेरणा, परंपरा और प्रगति' की बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों द्वारा लाए गए बदलाव के प्रेरणादायक उदाहरणों पर प्रकाश डाला प्रेरक बताया

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड के जरिए देश और विदेश में नागरिकों को संबोधित किया। 2014 में शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब एक प्रमुख जनसंपर्क मंच बन चुका है। रविवार के एपीसोड में उन्होंने 'प्रेरणा, परंपरा और प्रगति' की बात की। पीएम मोदी ने नागरिकों द्वारा लाए गए बदलाव के प्रेरणादायक उदाहरणों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बस्ती के आकाश गुप्ता का जिक्र किया, जिन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मनोरमा नदी से प्लास्टिक और जलकुंभी हटाकर उसे साफ़ किया; इस तरह उन्होंने नदी की स्वच्छता बहाल करने में मदद की और स्थानीय समुदाय में जागरूकता भी फैलाई। उन्होंने गोवा के एक रिटायर्ड टीचर, बालकृष्ण अय्या की कहानी भी शेयर की, जिन्होंने मद्दी-तोलाप इलाके में पानी की कमी की समस्या को दूर करने पानी की पाइपलाइन बिछाने में मदद करके कई घरों तक पानी पहुंचाया।

### कार्यक्रम के 134वें एपिसोड में बोले

नदी की स्वच्छता बहाल करने में मदद की और स्थानीय समुदाय में जागरूकता भी फैलाई




### युवाओं में एस्ट्रोनॉमी के प्रति रुझान बढ़ा

पीएम मोदी ने विज्ञान में भारत की बढ़ती दिलचस्पी पर जोर देते हुए देश की खगोल विज्ञान की समृद्ध परंपरा और युवाओं की बढ़ती भागीदारी के बारे में बात की। उन्होंने बैंगलोर एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी, खगोल मंडल, एस्ट्रो-केरलम और आईएएसी जैसे संगठनों का जिक्र किया, जो वर्कशॉप, नाइट कैंप और एजुकेशनल प्रोग्राम के जरिए खगोल विज्ञान को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

### किसानों के साथ आम की किस्मों का भी उल्लेख किया

प्रधानमंत्री ने भारत के आम के प्रति प्रेम का भी जिक्र किया, और हापुस, केसर, दशहरी और लंगड़ा जैसी किस्मों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आम की खेती अब गांवों से निकलकर वैश्विक बाजारों तक फैल रही है और भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में किसानों की अहम भूमिका की सराहना की। देश भर में बढ़ते तापमान को देखते हुए नागरिकों से अपील की कि वे भीषण गर्मी के दौरान एहतियात बरतें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, अनावश्यक रूप से धूप में निकलने से बचें, और सरकार द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करें।

### साजी वलासेरिल ने बिना शुल्क 15,000 लोगों को प्रशिक्षण दिया

प्रधानमंत्री ने केरल के अलुवा में एक अनोखी तैराकी पहल के बारे में बात की। यहां साजी वलासेरिल एक ऐसा 'स्कूल' चलाते हैं जिसके लिए न तो कोई फीस लगती है और न ही कोई इमारत है। यह स्कूल सीधे नदी में ही चलाया जाता है। दिव्यांग बच्चों सहित 15,000 से अधिक लोगों को यहां तैराकी का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह उदाहरण दिखाता है कि बुनियादी ढांचे के बजाय केवल समर्पण के बल पर भी सामाजिक सेवा किस तरह फल-फूल सकती है।

### एथलीटों ने अपनी प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं

इस एपिसोड में एथलीट अनिमेष कुजूर और गुरिंदरवीर सिंह के साथ बातचीत भी शामिल थी। कुजूर ने स्कूल-स्तर के फुटबॉल से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने तक के अपने सफर के बारे में बताया, जबकि गुरिंदरवीर सिंह ने नौसेना के जवान से भारत के सबसे तेज़ धावकों में से एक बनने तक के अपने सफर के बारे में बात की; उन्होंने अपने पिता, मिल्खा सिंह और उसैन बोल्ट से मिली प्रेरणा को इसका श्रेय दिया।

### आज देश का सांस्कृतिक गौरव बढ़ रहा

प्रधानमंत्री ने नीदरलैंड्स की अपनी हालिया यात्रा का भी जिक्र किया, जहां डच प्रधानमंत्री की मौजूदगी में चोल काल की प्राचीन तांबे की प्लेटें भारत को वापस सौंपी गईं। उन्होंने कहा कि राजेंद्र चोल-1 से जुड़ी ये कलाकृतियां भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ उसके वैश्विक संबंधों को उजागर करती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी अमूल्य विरासत की चीज़ों को संरक्षित करने और उन्हें फिर से संवारने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## चुनाव आयोग ने किया ऐलान

# ओडिशा, मिजोरम समेत 4 राज्यों में तीसरे फेज का एसआईआर शुरू




### दावा-आपत्तियों का भी विकल्प रखा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में वोटर लिस्ट को सुधारने और नए नाम जोड़ने के लिए तीसरा चरण शुरू कर दिया है। इसके तहत अब इन राज्यों में 30 मई से लोगों के नाम दर्ज करने का काम शुरू हो चुका है। निर्वाचन आयोग के अनुसार जो लोग 28 जून तक अपना फॉर्म जमा कर देंगे, उनका नाम आने वाली नई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल कर लिया जाएगा। इन चारों राज्यों में 30 मई से मतदाताओं की गिनती और सत्यापन का काम शुरू हो गया है। राष्ट्रीय और राज्य स्तर के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल जरूरत पड़ने पर और अधिक बीएलए नियुक्त कर सकते हैं। घर-घर सर्वे के दौरान बीएलए के पास कम से कम 30 खाली फॉर्म-6 और घोषणा पत्र होना जरूरी है। इससे नए मतदाता बनने के इच्छुक लोगों को तुरंत फॉर्म दिए जा सकेंगे।

- मतदाता सूची में संशोधन का काम शुरू

### 28 जून तक का समय दिया

बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर सभी मौजूदा मतदाताओं को फॉर्म दे रहे हैं। मतदाता इन फॉर्मों को भरकर बीएलओ के जरिए या ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। जिन लोगों के फॉर्म 28 जून 2026 तक चुनाव अधिकारी के पास पहुंच जाएंगे, उनके नाम मसौदा वोटर लिस्ट में शामिल किए जाएंगे। जो लोग इस तारीख तक फॉर्म जमा नहीं कर पाएंगे, वे बाद में दावा और आपत्ति अवधि के दौरान फॉर्म-6 और घोषणा पत्र के जरिए आवेदन कर सकते हैं। इस काम को और तेजी से पूरा करने के लिए आयोग ने राजनीतिक दलों के बूथ स्तर एजेंट्स को भी मदद की अनुमति दी है।

### राजनीतिक दलों की भागीदारी भी तय की

राजनीतिक दलों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, आयोग ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) को जनता से प्रतिदिन अधिकतम 50 प्रपत्र एकत्र करने और मसौदा प्रकाशन से पहले उन्हें बीएलओ को सौंपने की अनुमति दी है। राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल एसआईआर प्रक्रिया के सुचारू और प्रभावी संचालन में बीएलओ की सहायता के लिए अधिक बीएलए नियुक्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### प्राइवेट स्कूलों को लिखनी होगी ट्यूशन फीस



**चंन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब राज्य के सभी निजी स्कूलों को अपने नोटिस बोर्ड पर ट्यूशन फीस की जानकारी देना अनिवार्य होगा। यह फीस सरकार ने तय की है। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह कदम उन शिकायतों के बाद उठाया है। अगर कोई भी निजी स्कूल तय राशि से ज्यादा फीस लेता है, तो उसकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी।

### हिमाचल में 3 नगर निगमों में भाजपा का कब्जा



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के 4 नगर निगमों धर्मशाला, मंडी, सोलन और पालमपुर में 17 मई को हुए चुनावों के नतीजे रविवार को घोषित कर दिए गए। विपक्षी भाजपा ने 3 नगर निगमों पर कब्जा जमाते हुए बड़ी राजनीतिक बढ़त हासिल की, जबकि सत्तारूढ़ कांग्रेस केवल पालमपुर नगर निगम को अपने पास बचाने में सफल रही। भाजपा इसे बड़ी संजीवनी मान रही है।

### टीएमसी के पूर्व विधायक खोकन दास गिरफ्तार



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में पश्चिम बंगाल की वर्धमान दक्षिण से टीएमसी के पूर्व विधायक खोकन दास को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया है। प्रयागराज की हंडिया थाना पुलिस की मदद से बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बंगाल पुलिस को उत्तर प्रदेश में होने की लोकेशन मिली थी। प्रयागराज की हंडिया थाना पुलिस को अलर्ट किया गया।

### आंदोलन के बीच जरांगे ने तोड़ा अनशन



**मुंबई।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे मराठा आंदोलन के प्रमुख नेता मनोज जरांगे पाटिल ने आखिरकार रविवार अनशन समाप्त कर दिया। राज्य सरकार और आंदोलन के प्रतिनिधियों के बीच हुई सकारात्मक बातचीत के बाद कई अहम मुद्दों पर सहमति बनी, जिसके बाद जरांगे पानी पीकर अपना उपवास तोड़ा।

### कई राज्यों के अध्यक्ष बदलने की तैयारी




**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनावों का दौर खत्म होने और कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन के सुचारू रूप से खत्म होने के बाद कांग्रेस आलाकमान ने कुछ राज्यों की इकाइयों के पुनर्गठन और समिति स्तर पर संगठनात्मक जिम्मेदारियों में फेरबदल करने पर केंद्रित किया है। 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पंजाब कांग्रेस में बड़े फेरबदल की संभावना है।

## चंबा में बड़ा हादसा

# गहरी खाई में गिरी पर्यटकों से भरी कार, 8 की मौत हो गई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में दर्दनाक सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ के 7 पर्यटकों समेत 8 लोगों की मौत की आशंका है। हादसा चुराह उपमंडल में बैरागढ़-साच पास-किलाड़ सड़क पर 29 मई की आधी रात को हुआ, जब पर्यटकों को लेकर जा रही एक एर्टिगा कार गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना के बाद से सभी लोग लापता हैं। पुलिस और प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे खोज अभियान के बीच यह साफ हो गया है कि कार में सवार किसी के भी बचने की संभावना नहीं है।



### मृतकों में छत्तीसगढ़ के 7

मृतकों में छग के अरविंद, पत्नी प्राची, उनके 2 बेटे दर्श और अपशद, पीजी कार्तिगहेयन, पत्नी मणिमाला और उनका बेटा नंदन शामिल हैं। इनके अलावा वाहन चालक विश्वास की भी मौत हुई है।

## सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# वेश्यावृत्ति कर रही हर महिला 'मजबूर' नहीं, उनकी राय सुनें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि वेश्यावृत्ति में लगी हर महिला को मजबूर मानकर उसे पुनर्वास केंद्र में भेज देना गलत है। कोर्ट ने कहा है कि बहुत सी महिलाएं स्वेच्छा से यह काम कर रही हैं। अगर महिला वयस्क है तो बिना उसकी मर्जी जाने उसे पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर देना गलत होगा। प्रज्वला बनाम भारत सरकार' मामले में जस्टिस जेबी पारडीवाला और आर महादेवन की बेंच ने यह बड़ा फैसला दिया है।



### एक ही नजरिए से देखना गलत

कोर्ट ने व्यवस्था को अव्यावहारिक और पुरुषवादी सोच से ग्रस्त बताया। फैसले में कहा 'इम्मोरल ट्रेफिक प्रीवेंशन एक्ट, 1956' की धारा 17 में हर 'सेक्स वर्कर' को एक ही नजरिए से देखा जाता है। कानून में इस बात का फर्क नहीं किया जाता कि महिला से जबरन यह काम करवाया जा रहा है या वह अपनी इच्छा से इसे कर रही है।

## भारतीय मौसम विभाग ने ताजा जानकारी साझा की

# 3-4 दिनों में केरल में प्रवेश करेगा मानसून

## विभाग ने बताया कि फिलहाल स्थितियां अनुकूल बन रहीं

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देशभर में भीषण गर्मी के बीच दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब केरल तट के बेहद करीब पहुंच चुका है। भारतीय मौसम विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार अगले 3-4 दिनों के दौरान मानसून के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर के और हिस्सों, लक्षद्वीप, केरल और तमिलनाडु के कुछ क्षेत्रों, साथ ही बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम-मध्य, पूर्व-मध्य और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।

### मानसून पूर्व गतिविधियां बढ़ीं



केरल के दक्षिणी और मध्य इलाकों में मानसून पूर्व गतिविधियां तेज हो गई हैं। कई स्थानों पर बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं दर्ज की जा रही हैं। मानसून की औपचारिक एंट्री की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

### सामान्य से कम बारिश होगी

तिरुवनंतपुरम में आईएमडी की निदेशक नीथा के. गोपाल के अनुसार इस बार जून महीने में केरल समेत देश के कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। मानसून की शुरुआत के बाद 10 जून के आसपास अच्छी बारिश हो सकती है।

## सीबीएसई की प्रणाली और परिणाम में कथित गड़बड़ी का मामला

# वेदांत से मिले राहुल, कहा-आतंकियों के चेहरे दिखाइए

## कथित सोरोस-पाकिस्तान कनेक्शन पर कसा तंज

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली और परिणाम में कथित गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कक्षा 12वीं के छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मुलाकात वीडियो भी साझा किया है। इस वीडियो में छात्र वेदांत भी नजर आ रहे हैं। इस दौरान राहुल ने वेदांत के कथित सोरोस-पाकिस्तान कनेक्शन पर तंज कसा।

### छात्र बोले- हमें देश विरोधी कहा गया

एक अन्य छात्र ने राहुल से कहा कि इन्होंने हमें देश-विरोधी कहना शुरू कर दिया। राहुल ने कहा कि 17 साल के डीप स्टेट एजेंट्स। भईया आतंकी के चेहरे तो दिखाओ। वेदांत राहुल को बताते हैं, जब मैं फिजिक्स की शीट देखता हूं तो मुझे लगा मेरा एग्जाम बहुत अच्छा गया। उसमें मेरे अच्छे नंबर आएंगे। लेकिन नंबर नहीं आए, तो उसके बाद विकल्प था कि फोटो कॉपी के लिए आवेदन कर सकते हैं।



सीबीएसई स्कूलों में शुरू हुई नई पहल

# कक्षा 6 से 9 तक के छात्र अब सीखेंगे कोरियन, फ्रेंच और स्पेनिश

**आजमगढ़।** सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में अब कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों को स्पेनिश, फ्रेंच और कोरियन जैसी विदेशी भाषाएं सीखने का अवसर मिलेगा।राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत लागू त्रि-भाषा फार्मूला के अंतर्गत विद्यार्थियों को तीन भाषाएं पढ़ना अनिवार्य होगा, जिसमें कम से कम 2 भारतीय भाषाएं शामिल रहेंगी।स्कूल अपनी सुविधा और संसाधनों के आधार पर किसी एक विदेशी भाषा का चयन कर सकते हैं।



### रोजगार में भी मिलेंगी नई संभावनाएं

विशेषज्ञों के अनुसार बहुभाषी शिक्षा से छात्रों का बौद्धिक विकास होता है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। मातृभाषा और भारतीय भाषाओं के साथ किसी अंतरराष्ट्रीय भाषा का ज्ञान उन्हें विभिन्न देशों की संस्कृति, परंपराओं और शिक्षा प्रणालियों को समझने का अवसर प्रदान करता है।

## बिहार सरकार का अल्टीमेटम

# 15 दिन के अंदर राबड़ी देवी को खाली करना होगा 'वह' बंगला

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद नेता राबड़ी देवी को पटना जिला प्रशासन ने 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। प्रशासन की सूचना में कहा गया है कि निर्धारित अवधि के भीतर आवास खाली कर 39 हार्डिंग रोड स्थित आवंटित सरकारी आवास में स्थानांतरित होना होगा। प्रशासन का कहना है कि राबड़ी देवी को शिफ्ट होने का अनुरोध किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आवास खाली नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। शनिवार शाम को पटना पुलिस राबड़ी देवी के आवास पर पहुंची थी। सचिवालय एसडीपीओ अनु कुमारी ने राबड़ी देवी से मुलाकात कर प्रशासन का पत्र और निर्देश सौंपा। आवास खाली करने और नए आवास में स्थानांतरित होने को लेकर प्रशासन की ओर से औपचारिक जानकारी दी गई थी।



# भगवान बुद्ध का शांति, करुणा एवं मानव कल्याण का संदेश सम्पूर्ण विश्व के लिए प्रेरणास्रोत - केशव प्रसाद मौर्य

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक स्तर पर मिली नई पहचान**

अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली/लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नई दिल्ली के मंगोलपुरी स्थित सैनी भवन में अखिल भारतीय शाक्य महासभा द्वारा आयोजित बुद्ध जयन्ती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए भगवान बुद्ध के जीवन, उनके विचारों तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत की गौरवशाली परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का शांति, करुणा, अहिंसा एवं मानव कल्याण का संदेश आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए उतना ही प्रासंगिक है, जितना हजारों वर्ष पूर्व था।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने अपने संबोधन में चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान के व्यक्तित्व एवं मौर्य साम्राज्य के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि सम्राट अशोक ने भगवान बुद्ध के विचारों को अपनाकर मानव कल्याण, शांति और धर्म के मार्ग को आगे बढ़ाया। उनके शासनकाल में भारतीय संस्कृति, प्रशासनिक दक्षता तथा बौद्ध दर्शन का व्यापक विस्तार हुआ, जिसकी अमिट छाप आज भी विश्व इतिहास में विद्यमान है।

उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की प्राचीन आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर नई प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को विश्व के विभिन्न देशों में दर्शनार्थ भेजा गया, जिससे करोड़ों बौद्ध श्रद्धालुओं को उनके दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ तथा भारत की आध्यात्मिक विरासत के प्रति वैश्विक समुदाय का जुड़ाव और अधिक सुदृढ़ हुआ।

श्री मौर्य ने कहा कि उन्हें भी प्रधानमंत्री जी द्वारा भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों के साथ काल्मीकिया गणराज्य (रूस) जाने का अवसर प्राप्त हुआ था। वहां बड़ी संख्या में बौद्ध धर्मावलंबियों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन किए और गहरी आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यह अनुभव भारत की सांस्कृतिक शक्ति और भगवान बुद्ध के सार्वभौमिक संदेश की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विश्व को हृवसुधैव कुटुम्बकम्हृ और हृसर्वे भवन्तु सुखिनःहृ का संदेश देने वाला देश है। भगवान बुद्ध के विचार मानवता को जोड़ने, शांति स्थापित करने तथा समाज में समरसता और सद्भाव को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। आज आवश्यकता है कि नई पीढ़ी भगवान बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

उन्होंने समारोह में प्रतिभा सम्मान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभावान युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा, संस्कार और सामाजिक चेतना ही समाज की वास्तविक शक्ति हैं। प्रतिभाओं का सम्मान समाज को नई दिशा देने और युवाओं को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर निकाली गई जनजागरूकता रैली

**नशा मुक्त भारत अभियान के तहत लोगों को तम्बाकू और गुटखा सेवन के दुष्परिणामों के प्रति किया गया जागरूक**

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को मद्यनिषेध विभाग द्वारा ☎नशा मुक्त भारत अभियान☎ के अंतर्गत जनजागरूकता रैली एवं पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य तम्बाकू, गुटखा एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों तथा उनके दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। रैली का शुभारंभ प्रातः 7:30 बजे क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी कार्यालय, 27 अशोक मार्ग से किया गया। यह पदयात्रा महात्मा गांधी प्रतिमा, जीपीओ पार्क हजरतगंज तक निकाली गई। राज्य मद्यनिषेध अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विभिन्न सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने तम्बाकू और गुटखा सेवन से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि तम्बाकू सेवन कैंसर, हृदय रोग एवं श्वसन संबंधी अनेक गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा युवाओं को नशे की लत से दूर रखना है। रैली में लगभग 300 लोगों की सहभागिता रही। उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपना सहयोग देने का संकल्प भी लिया।

# सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 130 पर प्रधानमंत्री का मन की बात सुनते हुए कार्यकर्ता



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । भाजपा संगठन नेतृत्व के निदेर्शानुसार सरोजनी नगर विधानसभा विद्यावती द्वितीय वार्ड दक्षिण दो मंडल के अंतर्गत शिव शक्ति मंदिर सेक्टर डी वन के प्रांगण में भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से बूथ संख्या 130 पर सिटी मॉडल पब्लिक स्कूल बूथ अध्यक्ष मनीष अवस्थी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के मन की बात श्रवण करने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ महानगर के विभाग मीडिया सह संयोजक चन्द्र भूषण पाण्डेय उर्फ पप्पू पाण्डेय एवं बूथ प्रभारी अमित शर्मा के उपस्थिति में सिटी मॉडल स्कूल के आसपास के सभी वरिष्ठ नागरिक गण जिसमें उपस्थित हीरा प्रसाद पाठक हरीश तिवारी बीके बाजपेई दीपेश गुप्ता मोहित गुप्ता रंजीत कनौजिया श्रीकांत दुबे रामबचन पाण्डेय बिंदु बाजपेई बृजेश साहू ऐसे तमाम सम्मानित लोगों के साथ भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से बहुत ही धैर्य पूर्वक प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते हुए अपने संगठन एवं प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के प्रति सभी जनमानस ने अपना-अपना अच्छे-अच्छे भावना व्यक्त करते हुए भगवान भोलेनाथ का प्रसाद लेकर कार्यक्रम को समापन किया ।

# 125 दिनों की रोजगार गारंटी से ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सुरक्षा होगी सुदृढ़--: केशव प्रसाद मौर्य

**विकसित भारत के संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा वीबी- जीरामजी अधिनियम**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊः 01 जून 2026 । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं समृद्ध बनाने की दिशा में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (जी राम जी) एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम है। यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का विस्तार करने, आजीविका को सुदृढ़ बनाने तथा प्रत्येक ग्रामीण परिवार को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि इस अभिनव अधिनियम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, स्वरोजगार एवं कौशल विकास को नई गति प्राप्त होगी तथा आय सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा। यह अधिनियम केवल आर्थिक प्रगति का माध्यम नहीं है, बल्कि हृविकसित भारतहृ के संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाने का एक प्रभावी अभियान भी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 के माध्यम से ग्रामीण श्रमिक परिवारों को अब और अधिक रोजगार सुरक्षा प्रदान की जा रही है। प्रदेश में रोजगार की गारंटी को मजबूत करते हुए अधिनियम के अंतर्गत कार्य दिवसों की सीमा बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। यह निर्णय ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि, आजीविका सशक्तिकरण तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

श्री मौर्य ने कहा कि 125 दिनों के रोजगार अवसर से श्रमिक भाइयों एवं बहनों को अधिक कार्य, बेहतर आय तथा आत्मनिर्भर जीवन जीने की नई शक्ति प्राप्त होगी। सरकार ग्रामीण विकास एवं जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ कर रही है तथा यह अधिनियम उसी संकल्प का सशक्त उदाहरण है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 प्रदेश के प्रत्येक गांव के विकास में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, आय सुरक्षा को मजबूती मिलेगी तथा समग्र विकास की प्रक्रिया में प्रत्येक ग्रामीण परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान करते हुए आजीविका के विविध अवसरों का विस्तार करेगा तथा सतत एवं समावेशी विकास के लक्ष्य को गति देगा। विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह अधिनियम एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा।

श्री मौर्य ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भर गांव, सशक्त परिवार और समृद्ध भारत के निर्माण के इस अभियान में सहभागी बनें तथा ग्रामीण विकास की इस परिवर्तनकारी पहल को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

# यूपी को मिला चार साल बाद मिला पूर्णकालिक डीजीपी



**राजीव कृष्ण के नाम पर लगी मोहर**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को राज्य का पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त कर दिया है। उनकी नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया गया है। राजीव कृष्ण की एक अच्छे एवं साफ सुथरी अधिकारी की छवि है । मुकुल गोयल के बाद से अब तक यूपी को पूर्ण कालिक डीजीपी नहीं मिल रहा था। राजीव कृष्ण जून 2025 से कार्यवाहक डीजीपी के रूप में प्रदेश की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

# नाबालिग किशोरी के लापता होने पर दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने अपनी नाबालिग बेटी को अगवा किए जाने का आरोप लगाते हुए दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित पिता के अनुसार, उनकी 16 वर्षीय बेटी शनिवार शाम को घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बाद में जानकारी मिली कि माल क्षेत्र के आभाखेड़ा गांव निवासी अरुण और करन उसे जबरन अगवा कर अपने साथ ले गया। परिजनों का आरोप है कि किशोरी घर से जाते समय अपने साथ आवश्यक दस्तावेजों के अलावा लगभग 20 हजार रुपये नकद भी ले गई है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि पिता की तहरीर पर दो युवकों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।'

# प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश केंद्र सरकार द्वारा वापस लेने का निर्णय, स्वागत योग्य कदम--- अनिल दुबे

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश 2026 के मसौदे को केंद्र सरकार द्वारा वापस लेने के निर्णय को स्वागत योग्य कदम बताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री चौधरी जयंत सिंह तथा सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निरंतर प्रयासों और किसानों के हितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि केंद्र सरकार ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश-2026 के मसौदे को वापस लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि चौधरी जयंत सिंह तथा मुख्यमंत्री लगातार इस मसौदे को वापस लेने की मांग कर रहे थे। किसानों, गुड़ एवं खांडसारी उद्योग से जुड़े लोगों तथा अन्य हितधारकों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है। यह संवाद आधारित नीति निर्माण और किसानों की भावनाओं के सम्मान का परिचायक है। उन्होंने कहा कि किसान, गुड़ उत्पादक, खांडसारी उद्योग तथा क्रशर संचालकों से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर गंभीरता से विचार करते हुए सरकार ने पुनर्विचार का निर्णय लिया है। इससे गन्ना किसानों, गुड़ निमार्ताओं, खांडसारी उद्योग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सकारात्मक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों के हितों एवं उनकी चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश-2026 के मसौदे को वापस लेने का जो निर्णय लिया है, उससे किसानों को राहत मिलेगी तथा उनके आर्थिक हित सुरक्षित रहेंगे। श्री दुबे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत कई जिलों को गुड़ उत्पादन के लिए चिन्हित किया गया है। इसके अतिरिक्त हाल ही में प्रारंभ की गई एक जनपद एक व्यंजन योजना के तहत गुड़, गुड़ आधारित मिठाइयों तथा ज्वार से बने उत्पादों को विभिन्न जिलों में जिला विशिष्ट उत्पाद एवं व्यंजन के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन पहलों से किसानों को अपने उत्पादों के बेहतर मूल्य प्राप्त होंगे, ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। राष्ट्रीय लोकदल किसानों, ग्रामीण उद्यमियों और कृषि आधारित उद्योगों के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# बारिश में दीवार के नीचे दबने से कक्षा तीन के छात्र की मौत

**मां की आंखों का तारा हमेशा के लिए ओझल हो गया, चार बहनों का लाड़ला भाई छोड़ गया गहरा दर्द**

अमन लेखनी समाचार



बेटे की मौत पर सीएचसी के बाहर बिलखती मां

लखनऊ। रविवार को तेज बारिश और आंधी ने रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गोपालपुर मजरा ईशू खेड़ा गांव के एक परिवार की जिंदगी में ऐसा दर्द भर दिया, जिसे शायद कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। घर के बाहर बारिश में भीगकर खुशियां मना रहा 10 वर्षीय मासूम अनमोल नहीं जानता था कि यह बारिश उसके जीवन की आखिरी बारिश साबित होगी। सुरेश का बेटा अनमोल बारिश शुरू होते ही घर से बाहर निकल आया था। वह बच्चों की तरह बारिश में नहा रहा था और मस्ती कर रहा था। तभी तेज आंधी और जलभराव के कारण घर के बाहर बनी एक छोटी दीवार अचानक भरभराकर उसके ऊपर गिर गई। देखते ही देखते खुशियों से चहकता मासूम मलबे के नीचे दब गया। अनमोल की चीख सुनकर परिजन दौड़े। किसी तरह मलबा हटाकर उसे बाहर निकाला गया और तत्काल माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह खबर सुनते ही परिवार पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस बेटे की किलकारियों से घर गूंजता था, उसी के निर्जीव शरीर को देखकर मां रामेश्वरी बार-बार बेसुध हो रही थीं। पिता सुरेश की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। बड़ा भाई रवि और चारों बहनें शैलेंद्री, शिवानी, वंदना और अंशिका अपने छोटे भाई को खोने के गम में बिलख उठीं। गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र अनमोल पढ़ाई में होनहार और स्वभाव से बेहद चंचल था। उसकी असमय मौत की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। हर किसी की जुबान पर यही सवाल था कि आखिर किसे पता था कि बारिश में खेलता यह मासूम कुछ ही पलों में हमेशा के लिए सबको छोड़ जाएगा। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि बच्चे के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज ने किया विश्व नो टोबैको माह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार






**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय ने हृविश्व नो टोबैको माहहृ का आयोजन किया। यह आयोजन बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ।प्रो. (डॉ.) नीता पासरीचा, प्राचार्य द्वारा 1 मई 2026 को अभियान का उद्घाटन किया और 31 मई 2026 तक चलने वाली श्रृंखलाबद्ध गतिविधियों की दिशा तय की,जिसमें मुख्य फोकस हृब्रेकिंग द ग्लैमर, बिल्डिंग अ टोबैको-फ्री फ्यूचरहृ रहा।

पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने इन कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों, संकाय सदस्यों और समुदाय को तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों तथा इसके मौखिक कैंसर और अन्य प्रणालीगत रोगों से गहरे संबंध के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया। विभाग ने शैक्षणिक प्रतियोगिताओं, जागरूकता अभियानों, परामर्श सत्रों और विशेषज्ञ चचाओं को सम्मिलित कर रोकथाम की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने, शीघ्र पहचान को प्रोत्साहित करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी पर ध्यान केंद्रित किया गया, क्योंकि किशोरावस्था में तंबाकू सेवन की शुरूआत जीवनभर की लत और स्वास्थ्य जोखिमों का कारण बनती है। नुक्कड़ नाटक, क्विज, पोस्टर और रील प्रतियोगिताओं तथा आउटरीच कार्यक्रमों जैसी गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को स्वास्थ्य दूत के रूप में सशक्त बनाने, सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने और वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य लक्ष्यों के अनुरूप तंबाकूजनित रोगों को कम करने का प्रयास किया गया।

हृअनमास्किंग द अपील झ काउंटरिंग निकोटीन एंड टोबैको एडिक्शन विषय पर एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने तंबाकू नियंत्रण की बहुआयामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। पैनल में डॉ. हेमंत मेहरा (हेड एवं प्रोफेसर, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी, सरस्वती डेंटल कॉलेज), डॉ. अरुण कुमार (हेड एवं डीन, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय) और डॉ. संतोष कुमार (एसोसिएट प्रोफेसर, मास कम्युनिकेशन विभाग, स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय) शामिल रहे।

डॉ. मेहरा ने मौखिक कैंसर और पूर्व-कैंसर घावों के नैदानिक बोझ पर प्रकाश डालते हुए शीघ्र पहचान और शल्य चिकित्सा हस्तक्षेपों की महत्ता बताई। डॉ. अरुण कुमार ने कानूनी ढांचे और नीति प्रवर्तन की भूमिका पर बल दिया, यह स्पष्ट करते हुए कि सख़्त कानून और नियामक उपाय तंबाकू सेवन को रोकने और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए अनिवार्य हैं। डॉ. संतोष कुमार ने जनसंचार और मीडिया रणनीतियों के प्रभाव पर चर्चा की, जिम्मेदार संदेशों और जागरूकता अभियानों की आवश्यकता पर बल दिया जो तंबाकू उत्पादों के आकर्षण को समाप्त कर समुदाय को सही जानकारी से सशक्त करें। सामूहिक रूप से इस संवाद ने चिकित्सा विशेषज्ञता, कानूनी जिम्मेदारी और संचार रणनीतियों के एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित किया।

विश्व नो टोबैको माह के दौरान एक विशेष व्याख्यान डॉ. जस्मीत सिंह (ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन) द्वारा दिया गया। उन्होंने तंबाकूजनित रोगों की रोकथाम और शीघ्र पहचान की तात्कालिक आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि तंबाकू की लत केवल व्यक्तिगत चुनाव नहीं बल्कि एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है, जिसका मौखिक और प्रणालीगत स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने मौखिक पूर्व-कैंसर घावों और कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की और बताया कि समय पर पहचान और उपचार से रोगभार को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने लत के मनो-सामाजिक पहलुओं पर भी ध्यान आकर्षित किया और संस्थानों से बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञता, शैक्षिक जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी शामिल हो।

डॉ. सिंह का प्रेरक व्याख्यान अभियान की थीम से गहराई से जुड़ा रहा, जिसमें प्रतिभागियों को याद दिलाया गया कि तंबाकू उत्पादों के आकर्षण को साक्ष्य-आधारित शिक्षा, सख़्त नीति प्रवर्तन और युवाओं पर केंद्रित वकालत के माध्यम से समाप्त करना आवश्यक है।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें छात्रों और संकाय की उत्साही भागीदारी को सम्मानित किया गया। यह सत्र 100 छात्रों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिनकी सक्रिय भागीदारी ने युवाओं में बढ़ती जागरूकता और तंबाकू नियंत्रण पहलों के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्या।

# संक्षेप

## स्वास्थ्य विभाग की टीम पर मधुमक्खियों के झुंड ने बोला हमला

बांगरमऊ, उन्नाव। स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण करने गई स्वास्थ्य विभाग की टीम पर मधूमक्खियों के झुंड ने हमला बोल दिया इस घटना में दो स्वास्थ्य कर्मियों को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। ज्ञात हो रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन हो रहा जिसमें जमीनी हकीकत जानने हेतु रविवार को दोपहर करीब उन्नाव से आये डाक्टर मनीष मिश्रा की टीम जगतनगर स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण करने गई हुई थी कहा जा रहा है निरीक्षण कर वह लौट रहे थे तभी वापस लौटने पर कुछ दूर चलते ही जगनगर बांगरमऊ मार्ग पर मधुमक्खियों के झुंड ने स्वास्थ्य कर्मियों पर हमला बोल दिया इस दौरान डाक्टर मनीष तो ने गाड़ी के शीशे बंद कर किसी तरह बचाव कर लिया किंतु साथ मौजूद बांगरमऊ अस्पताल के चिकित्सक डाक्टर सागर पटेल व वार्ड ब्यॉय शिवाधार दोनो को मधुमक्खियों ने डंक मारकर जख्मी कर दिया ।जिसके बाद दोनों स्वास्थ्य कर्मियों को इलाज हेतु भरती कराया गया दोनो का इलाज जारी है डाक्टरों की टीम पर हुए मधुमक्खी के हमले की लोगो में चर्चा हो रही है।

## अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के परियर चकलवंशी मार्ग पर ससुराल से वापस घर जा रहे बाइक सवार दंपति को तेज रफ्तार अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया सदर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर सरोसी निवासी देवी शंकर 26 वर्ष पुत्र दीना अपनी 24 वर्षीय पत्नी संगीता के साथ ससुराल से वापस अपने घर बाइक से जा रहा था तभी परियर चकलवंशी मार्ग के बरी खेड़ा गांव के पास अज्ञात कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने पति पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर लेकर आई जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया।

## जन आरोग्य मेले का किया गया आयोजन

सुमेरपुर, उन्नाव। रविवार को पीएचसी मे आयोजित जन आरोग्य मेला मे कुल 25 मरीज आए । अधिकांश मरीज बुखार से सम्बन्धित रहे ।आरोग्य मेला मे पीएचसी मे तैनात लैब टेक्नीशियन हिमानी के न आने से मरीजों की बीमारियों से सम्बन्धित जांच नही हो पाती है । डा सुनील कुमार ने बताया कि अस्पताल मे शासन द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली सभी प्रकार की दवाएं उपलब्ध है ।गर्मी के मौसम में डायरिया और डिहाईड्रेशन और बुखार से सम्बन्धित मरीजों की संख्या ज्यादा रहती है ।वही कुत्ता और बन्दर काटने से रैबीज के इंजेक्शन लगवाने वाले मरीज आते है । बीमारियों मे मरीजों को दी जाने वाली दवाएं आर एल , एन एस , डी सहित सभी दवाओं का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है ।

# आयोजित महा गंगा आरती में पहुंचे विधान सभा अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के बक्सर स्थित सुप्रसिद्ध मां चंडिका देवी मंदिर के तट पर ऋत फाउंडेशन की तरफ से आयोजित महा गंगा आरती में पहुँचे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा मां गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों की अनादि-अनंत धारा हैं। गंगा ने आदिकाल से इस राष्ट्र को आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया है। माँ गंगा सनातन धर्म की पहचान के साथ आस्था का भी प्रतीक है। अनुराग त्रिवेदी ने बनारस की तरह गंगा आरती का आयोजन कर यहां की श्रद्धा व भाव को बढ़ा दिया है। मुख्य वक्ता के रूप में पहुँची हरिद्वार के जूना अखाड़े की महामंडलेश्वर साध्वी मैत्रीय ने ने सनातन धर्म को विश्व का सबसे पुराने धर्म के साथ विश्व को दिशा देने वाला धर्म बताया ।पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव से अपने मूल धर्म से हो रहे भटकाव के प्रति सचेत करते हुए कहा अनंतकाल से हमारा ज्ञान, आध्यात्म व दर्शन पीढ़ियों को दिशा देता रहा है ।विदेही वल्लभ शरण महाराज ने हिंदू समाज की एकता अखंडता एवं सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का आह्वान किया।ऋत फाउंडेशन के संस्थापक, शिक्षाविद व सामाजिक उद्यमी एवं भाजपा नेता अनुराग त्रिवेदी आयोजन का वर्णन करते हुए कहा कि मां गंगा भारतीय आत्मा की पहचान हैं। गंगा की अविरल धारा सनातन संस्कृति की निरंतरता और मानवता के कल्याण का प्रतीक है। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर अग्रसर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बंगाल विजय के पावन अवसर पर मां भगवती के प्रति श्रद्धा समर्पित करते हुए भव्य दुर्गा बंदन प्रस्तुत किया गया। माँ गंगा की आरती, वैदिक मंत्रोच्चार, दीपों की अलौकिक आभा और हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता ने बक्सर धाम को एक बार पुनः काशी की दिव्यता का साक्षात अनुभव करा दिया। कार्यक्रम में दो बहनों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक नृत्य ने श्रद्धालुओं में रोमांच भर दिया। अनुराग त्रिवेदी ने 12 जून से 15 दिन लगातार भगवंतनगर विधानसभा के तट पर बहने वाली माँ गंगा की पद यात्रा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गंगा आरती के अवसर पर पूर्व विधायक सरेनी रायबरेली सुरेंद्र सिंह, छुन्नू त्रिवेदी, महानंद शुक्ला, संगठा प्रसाद दीक्षित, आशू बाजपेयी, शरदेन्दु मिश्रा, रानू त्रिवेदी, डिंपल द्विवेदी, मोहित दुबे, लल्ला पंडा, आयुष यादव, आशीष साहू, राजेश तिवारी, अंकित पांडेय, रजनीश पटेल, सुरेश गौतम, आदि शामिल रहे।

# ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। ज्येष्ठ अधिक मास पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। ब्रह्म मुहूर्त से ही लोग गंगा तटों पर पहुंचने लगे और आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

हिंदू धर्म में ज्येष्ठ अधिक मास पूर्णिमा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य और भगवान विष्णु की आराधना से विशेष फल प्राप्त होता है।इसी आस्था के कारण जिले के शुक्लागंज, बक्सर, कटरी क्षेत्र सहित विभिन्न गंगा घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे बड़ी संख्या में गंगा घाटों पर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान के बाद दीपदान किया और पूजा-पाठ संपन्न किए। कई लोगों ने गरीबों और जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र तथा अन्य सामग्री का दान भी किया। घाटों पर भजन-कीर्तन और धार्मिक गतिविधियों का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। प्रमुख घाटों पर पुलिस बल, गोताखोरों और जल पुलिस तैनात की गई थी। बैरिकेडिंग लगाकर स्नानार्थियों को सुरक्षित स्थानों पर स्नान कराया गया। घाटों पर साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुरक्षाकर्मियों ने श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोका। कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई।श्रद्धालुओं ने बताया कि पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा पर गंगा स्नान का विशेष धार्मिक महत्व है। उनका मानना था कि इस दिन स्नान और पूजा-पाठ से भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। दिन चढ़ने के साथ घाटों पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती रही और देर शाम तक आवागमन जारी रहा।

# साइबर ठगी के शिकार युवक की धनराशि पुलिस ने कराई वापस

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। साइबर ठगी का शिकार हुए एक व्यक्ति को उसकी पूरी धनराशि वापस मिल गई है। साइबर हेल्प डेस्क की तत्परता से पीड़ित के फोन पे खाते से धोखाधड़ी कर निकाले गए 81,789 रुपये वापस कराए गए। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।मामले का संक्षिप्त विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि उन्नाव के थाना कोतवाली सदर निवासी अशर काविश पुत्र साजिद ने ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर 2025 को उनके फोन पे खाते से 81,789 रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। शिकायत संख्या 23111250187805 के आधार पर, थाना कोतवाली सदर की साइबर हेल्प डेस्क ने आवश्यक दस्तावेज एकत्र किए। इसके बाद, थाना कोतवाली सदर में मु0अ0सं0 1059/25 धारा 318 (4) बीएनएस और 66सी/66डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप, 31 मई 2026 को आवेदक अशर काविश को उनकी संपूर्ण धनराशि 81,789 रुपये वापस कर दी गई।

# सीएमओ का हुआ तबादला डॉ अजय कुमार शर्मा को मिला जनपद का चार्ज

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. सत्यप्रकाश का तबादला कर दिया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उन्हें संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, महानिदेशालय लखनऊ के पद पर तैनात किया गया है। वहीं, डॉ. अजय कुमार शर्मा को उन्नाव का नया मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया है। डॉ. सत्यप्रकाश ने उन्नाव में करीब चार वर्षों से अधिक समय तक मुख्य चिकित्साधिकारी के पद पर कार्य किया। उनके कार्यकाल के दौरान जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन और विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान भी जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को संभालने में अहम जिम्मेदारी निभाई थी। शासन के आदेश के अनुसार, डॉ. सत्यप्रकाश को अब संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, महानिदेशालय लखनऊ की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके स्थान पर वर्तमान में डॉ. अजय कुमार शर्मा, जो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर कार्यरत थे, को उन्नाव का नया सीएमओ नियुक्त किया गया है ।स्वास्थ्य विभाग में हुए इस फेरबदल में उन्नाव के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरिनंदन को भी नई जिम्मेदारी मिली है। शासन ने उन्हें मुख्य चिकित्साधिकारी जालौन के पद पर तैनात किया है। डॉ. हरिनंदन लंबे समय से उन्नाव में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे ।स्वास्थ्य विभाग में हुए इन तबादलों को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नए सीएमओ डॉ. अजय कुमार शर्मा के सामने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने, ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की चुनौती होगी।

# कबाड़ कारोबारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शहर कोतवाली क्षेत्र के गदन खेड़ा मोहल्ले में रविवार को एक कबाड़ कारोबारी का शव घर के भीतर फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गदन खेड़ा निवासी पप्पू (50) पुत्र रतु के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, पप्पू कबाड़ बीनने और उसके कारोबार से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में चार बेटियां हैं। मृतक के भाई बिंदा ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी तब मिली जब पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी। उन्होंने बताया कि पप्पू का घर और कबाड़ रखने का स्थान पास-पास ही है। घर में मौजूद बेटियों ने जब अपने पिता को नहीं देखा तो वे कबाड़ वाले कमरे में गईं, जहां उन्होंने पप्पू का शव फांसी के फंदे से लटका देखा ।बिंदा ने यह भी बताया कि उनका भाई मेहनत-मजदूरी और कबाड़ बीनकर परिवार का पालन-पोषण करता था। उन्होंने किसी पर कोई संदेह व्यक्त नहीं किया और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की मांग की। उनके अनुसार, पप्पू ने यह कदम स्वयं उठाया है और परिवार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी ।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ताकि मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सके। प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

# शिक्षा विभाग में करोड़ों का घोटाला बाबू को किया गया निलंबित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माध्यमिक शिक्षा विभाग में करोड़ों रुपये के कथित वित्तीय घोटाले पर प्रशासनिक और विभागीय स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है। शिक्षक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के एरियर, बोनस तथा अन्य देयकों के भुगतान के नाम पर सरकारी धन के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग की पुष्टि हुई है। इस मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय के लिपिक सागर कपूर को निलंबित कर दिया गया है।

डीआईओएस उन्नाव सुनील दत्त द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने अपनी पड़ताल में करीब 2.67 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता और बंदरबांट की पुष्टि की है। जांच में सामने आया कि डीआईओएस कार्यालय के लिपिक सागर कपूर और एमआरआरएस इंटर कॉलेज के प्रधान लिपिक अमित कुमार मिश्रा ने कथित तौर पर मिलीभगत कर सरकारी धनराशि का गबन किया।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, ट्रेजरी से जारी की गई बड़ी धनराशि सीधे अमित कुमार मिश्रा के बैंक खाते में स्थानांतरित की गई। रिकॉर्ड के परीक्षण में उनके खाते में 2.67 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुंचने की पुष्टि हुई है। वहीं, खाते में 51 लाख रुपये से अधिक की राशि संदिग्ध पाई गई है।

जांच समिति ने भुगतान से संबंधित दस्तावेजों, बैंक लेनदेन और वित्तीय अभिलेखों की पड़ताल के बाद अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंपी थी। इस रिपोर्ट के आधार पर संयुक्त शिक्षा निदेशक ने डीआईओएस कार्यालय के बाबू सागर कपूर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, मामले में अन्य जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है, और आगे और कार्रवाई संभव है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी उन्नाव द्वारा भी तीन सदस्यीय स्वतंत्र जांच समिति गठित की गई है। यह समिति पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर रही है और धनराशि के प्रवाह, जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका तथा संभावित अन्य अनियमितताओं की पड़ताल कर रही है ।विभागीय कर्मचारियों के बीच भी चर्चा का माहौल है। प्रशासन का कहना है कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और आगे कई महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है ।विभागीय कर्मचारियों के बीच भी चर्चा का माहौल है। प्रशासन का कहना है कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और आगे कई महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अजगैन पुलिस ने दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है ।पुलिस के अनुसार, 21 मई 2026 को एक महिला ने थाना अजगैन में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को 10 मई 2026 को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद किया। जांच एवं पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमे में दुष्कर्म तथा पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गईं। मामले में वांछित चल रहे आरोपी विपिन कश्यप (22 वर्ष) पुत्र बच्चूलाल निवासी मोहल्ला पछियाँव, कस्बा नवाबगंज, थाना अजगैन को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मुकुल कुमार दुबे, कांस्टेबल पवन कुमार यादव तथा कांस्टेबल शुभम चौधरी शामिल रहे।

# बज बजाती नालियां दे रही संक्रमित बीमारियों को न्योता

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। ब्लॉक सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र पंचायत परियर के अंतर्गत आने वाले गांव में महीनों से नालियों की सफाई न होने के कारण हालात बत से बदतर होते जा रहे हैं। नालियां चोक होने से गंदा पानी और कूड़ा-कचरा मुख्य सड़क पर बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नालियों से उठ रही दुर्गंध के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है। सड़क पर फैले गंदे पानी से आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या की शिकायत कई बार पंचायत और संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। सफाई व्यवस्था में सुधार न होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन और पंचायत से जल्द से जल्द नालियों की सफाई कराने तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

# पति-पत्नी के 20 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व नीतू सिंह वामा सारथी जनपदीय अध्यक्षा की अध्यक्षता व विनी सिंह क्षेत्राधिकारी लाइन की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केन्द्र एवं थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया ।तदोपरान्त महिला थाना से 05, थाना बांगरमऊ से 04, परिवार परामर्श केन्द्र से 03, थाना बारासगवर से 02, थाना आसीवन, थाना दही, थाना बिहार, थाना अचलगंज, थाना सोहरामऊ व थाना कोतवाली सदर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में अतिथि सलाहकार लीना सैनी, विनीसा चंद्रवानी निधि खंडेलवाल, उपासना गौतम, प्रभारी परिवार परामर्श समिति डा0 आशीष श्रीवास्तव शिल्पी श्रीवास्तव, प्रभा यादव, अबरार हुसैन, डा0 शशि रंजना अग्निहोत्री, डा0 एस.के. पाण्डेय, डा0 सगीर अहमद, डा0 अबसार अली, सहयोगी शिवेन्द्र सिंह चौहान तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र / महिला हेल्पडेस्क संतोष कुमारी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह महिला उप निरीक्षक मिथिलेश वर्मा एवं महिला हेल्पडेस्क पुलिस टीम से महिला आरक्षीगण चिंतन बूटार, सेविका, पूनम शाक्य, पूनम राजपूत, शालिनी, रागिनी वर्मा, दीपा सिंह, शकुन्तला, तरुन, पूजा, बबली गुर्जर, स्वाती यादव का विशेष योगदान रहा।

# दहेज हत्या मामले में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत दिवस दहेज हत्या मामले में दो वांछित अभियुक्तों को स्थानीय प्रशासन ने गिरफ्तार किया प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश चंद्र शर्मा ने मुहिम चलाते हुए 30 वर्षीय अभियुक्त ज्ञानेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय राम सिंह तथा 60 वर्षीय महिला शशिबाला पत्नी स्वर्गीय राम सिंह निवासी गांव दपसौरा थाना चांदपुर को गिरफ्तार करते हुए मुकदमा अपराध संख्या 86/2026 की धारा 85 / 80 (2) बीएनएस तथा 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायालय भेज दिया वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी के साथ मुख्य आरक्षी जीतू सिंह आरक्षी अभिषेक कुमार महिला आरक्षी अंशू आदि मौजूद रहे

# आगरा एक्सप्रेसवे: टोल कर्मचारियों का फूटा गुस्सा, वेतन वृद्धि और साप्ताहिक अवकाश को लेकर उठाई आवाज

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के विभिन्न टोल प्लाजाओं पर चौबीसों घंटे सेवाएं देने वाले टोल कलेक्टर (टी.सी.) कर्मचारियों के सब्र का बांध अब टूट गया है। कम वेतन और लगातार काम के बोझ से नाराज कर्मचारियों ने प्रशासन और प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों का आरोप है कि इस कमरतोड़ महंगाई के दौर में उनसे बंधुआ मजदूरों की तरह काम लिया जा रहा है, लेकिन बदले में उचित पारिश्रमिक और सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

## महंगाई में 11,700 में कैसे चले परिवार?

टोल कर्मचारियों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि उन्हें वर्तमान में मात्र ?11,700 मासिक वेतन दिया जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि लगातार 30 दिनों तक ड्यूटी करने के बाद भी उन्हें न तो कोई साप्ताहिक अवकाश (वीकली ऑफ) मिलता है और न ही त्योहारों पर कोई छुट्टी दी जाती है। कर्मचारियों के अनुसार, इतनी कम रकम में इस दौर में पूरे परिवार का भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च उठाना पूरी तरह असंभव हो गया है।

## सरकार के नियम को ताक पर रखने का आरोप

कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2026 से न्यूनतम मजदूरी ?18,000 निर्धारित की जा चुकी है। इसके बावजूद टोल प्लाजाओं पर इस नियम की खुलेआम अनदेखी की जा रही है और उन्हें उनके हक से वंचित रखा जा रहा है।

## कर्मचारियों की प्रमुख मांगें:

वेतन वृद्धि: मासिक वेतन को बढ़ाकर सरकार के नियमानुसार न्यूनतम 18,000 किया जाए।

काम के घंटे: ड्यूटी का समय कड़ाई से 8 घंटे निर्धारित हो।

साप्ताहिक अवकाश: महीने में कम से कम 4 साप्ताहिक अवकाश अनिवार्य रूप से दिए जाएं।

त्योहारों का भत्ता: त्योहारों पर छुट्टी मिले या फिर अतिरिक्त कार्य के एवज में उचित विशेष भुगतान सुनिश्चित हो।

## शांतिपूर्ण आंदोलन और एकजुटता की अपील

अपनी मांगों को लेकर एकजुट हुए कर्मचारियों ने एक्सप्रेसवे के सभी टोल प्लाजा पर कार्यरत साथियों से एक साथ आने का आह्वान किया है। उन्होंने साफ कहा कि वे अपनी मांगों को पूरी तरह से शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से उठाएंगे। कर्मचारियों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अब उनके हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सम्मानजनक जीवन-यापन के लिए वे अपना हक लेकर रहेंगे।

## सम्पादकीय

# सिद्धा के इस्तीफे से कांग्रेस में नई चुनौतियों की शुरुआत

लंबी उहापोह के बाद कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने विधानसभा चुनाव से करीब दो साल पहले इस्तीफा देकर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के लिए रास्ता साफ कर दिया। सवाल यह है कि क्या यह कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर कांग्रेस के भीतर वर्षों से चल रहे सत्ता संघर्ष का अंत है या एक नए संघर्ष की शुरुआत है। डीके सोमवार को शपथ ले सकते हैं। सिद्धारमैया ने साफ कर दिया है कि उन्होंने राज्यसभा के जरिये केंद्र की राजनीति में जाने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है और प्रदेश की राजनीति में ही सक्रिय रहने का फैसला किया है। यही कांग्रेस व डीके कैंप में बेचैनी की वजह है। राज्य में शीर्ष पद पर रहने के बाद सिद्धारमैया का केंद्र में न जाना साबित करता है कि वे भविष्य में फिर इस पद पर दावेदारी करेंगे। यही नहीं, प्रदेश में डीके की एक भी गलती को भुनाने का वह कोई भी मौका नहीं छोड़ेंगे। यानी अगले दो साल तक वह सीधे या परोक्ष तौर सरकार के साथ रहते हुए विपक्ष की ही भूमिका में रहेंगे। यही कांग्रेस की चिंता है। डीके की शपथ से पहले भी कर्नाटक में जबरदस्त नाटक देखने को मिलेगा। सिद्धारमैया हाईकमान को दबाव में लाकर अपने समर्थकों को कैबिनेट में प्रमुख पद दिलाने की कोशिश करेंगे। इन हालात में डीके के लिए सरकार चलाना कितना कठिन होगा, यह समझा जा सकता है। कर्नाटक की राजनीति में खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रुचि है। उनके पुत्र प्रियांक भी सर्वोच्च पद के दावेदार रहे हैं। कांग्रेस में सत्ता संघर्ष 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत के बाद हुए एक अनौपचारिक सत्ता-साझेदारी समझौते से जुड़ा माना जाता है। शिवकुमार समर्थक लगातार दावा करते रहे हैं कि सरकार गठन के समय सत्ता साझा करने पर सहमति बनी थी। हालांकि, सिद्धारमैया ने कभी सार्वजनिक रूप से ऐसे किसी समझौते को स्वीकार नहीं किया और प्रशासन पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी। चुनावों के बाद से ही मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। शिवकुमार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे और चुनाव उनके नेतृत्व में ही लड़ा गया था, इसलिए वह शीर्ष पद पर अपनी स्वाभाविक दावेदारी मान रहे थे। तब पार्टी ने शिवकुमार को मनाकर उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया था और ढाई साल के बाद कमान देने का वादा किया था। बाद में हाईकमान द्वारा डीके खेमे की ओर से लगातार दबाव डालने के बावजूद कुछ भी साफ नहीं किया जा रहा था। इससे डीके का धैर्य चूक रहा था। यह दोनों नेताओं के बीच तनाव की वजह भी बना रहा। पिछले वर्ष नवंबर में, जब कर्नाटक सरकार ने अपने कार्यकाल का आधा हिस्सा पूरा कर लिया, तब कांग्रेस नेतृत्व ने कथित तौर पर शिवकुमार को असम विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का राजनीतिक पर्यवेक्षक नियुक्त कर इस तनाव को कम करने की कोशिश की, लेकिन रोटेशनल मुख्यमंत्री व्यवस्था को लेकर अटकलें जारी रहीं। पिछले कुछ वर्षों में शिवकुमार ने अपने धार्मिक संपर्कों को भी काफी बढ़ाया है। उन्होंने कर्नाटक और देशभर के प्रमुख मंदिरों के लगातार दौरे किए। उनकी धार्मिक छवि को लेकर कांग्रेस के भीतर बहस भी छिड़ गई थी। शिवकुमार ने सार्वजनिक रूप से सिद्धारमैया के साथ टकराव को बढ़ाने से काफी हद तक परहेज किया, हालांकि उनके समर्थकों ने दबाव बनाए रखा। अब ऐसा ही दबाव सिद्धारमैया नहीं बनाएंगे, ऐसा नहीं लगता। कुल मिलाकर कर्नाटक में कांग्रेस की चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं, बल्कि यह नई चुनौतियों की शुरुआत है।

# अब बख्शे नहीं जाएंगे घुसपैठिए



तैयारी

प्रमोद भार्गव

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा घुसपैठियों को देश से बाहर करने की मुहिम से तय है कि देश का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा बने इन बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की विदाई तय है। अधिकारी ने बंगाल में भाजपा की जीत के साथ ही, सबका विकास, सबका साथ नारे को बदलते हुए तय कर दिया है कि जिसका साथ, उसका विकास किया जाएगा। बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है। जो यहां के जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। यह अच्छी बात है कि अब इनकी नाक में नकेल डालकर बाहर का रास्ता दिखाने की मुहिम युद्ध स्तर पर चल रही है।

नक्सल समस्या की तरह अब घुसपैठियों की समस्या का निदान भी होने जा रहा है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा घुसपैठियों को देश से बाहर करने की मुहिम से तय है कि देश का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा बने इन बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की विदाई तय है। अधिकारी ने बंगाल में भाजपा की जीत के साथ ही, सबका विकास, सबका साथ नारे को बदलते हुए तय कर दिया है कि जिसका साथ, उसका विकास किया जाएगा। घुसपैठियों के बंगाल में बसने और लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री रहते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के तहत मिल रहा था। किंतु अधिकारी ने 'डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट' नीति लागू करने और जिला स्तर पर होल्डिंग सेंटर बनाने का निर्णय लेकर जता दिया है कि आखिरकार अवैध प्रवासियों को बाहर जाना ही होगा। इसी कड़ी में गृहमंत्री अमित शाह ने प्लेटफार्म एक्स पर ऐलान कर दिया कि 'घुसपैठ और अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के लिए वर्तमान और भविष्य के लिए बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में आबादी का संतुलन बिगड़ने की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने की बात कही थी, जो अब कर दी गई है। यह समिति धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या बदलाव के तरीके की जांच व समीक्षा करेगी।' यह समिति सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में काम कर एक साल के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है। जो यहां के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। बड़ी संख्या में घुसपैठ करके आए मुस्लिमों ने उनके न केवल आजीविका के संसाधनों को हथिया लिया है, बल्कि कृषि भूमि पर भी काबिज हो गए हैं। इस कारण राज्यों का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगड़ रहा है। लिहाजा यहां के मूल निवासी और घुसपैठियों के बीच जानलेवा हिंसक झड़पें भी होती रहती हैं। नतीजतन अवैध और स्थायी नागरिकों की पहचान के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता पत्रक बनाने की पहल की थी। इसके मुताबिक 1971 से पहले असम में रह रहे लोगों को मूल नागरिक माना गया है। इसके बाद के लोगों को अवैध नागरिकों की सूची में दर्ज किया गया है। दरअसल घुसपैठिए अपनी नागरिकता सिद्ध नहीं कर पाते हैं, तो यह उन राजनीतिक दलों को वजूद बचाए रखने की दृष्टि से खतरे की घंटी है, जो मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए घुसपैठ को बढ़ावा देकर अवैध नागरिकता को वैधता देने के उपाय करते रहे हैं। पहले सीपीएम और बाद में तृणमूल इन घुसपैठियों को न केवल शरण देते रहे हैं, बल्कि उनके आधार, राशन और वोटर कार्ड भी बनवाते रहे हैं। नतीजा रहा कि बंगाल का हर चौथा वोटर मुस्लिम बताया जा रहा है। छह जिले तो ऐसे हैं, जहां मुस्लिमों की आबादी 66 प्रतिशत से भी अधिक हैं। इस कड़ी में मुर्शिदाबाद जिले में 66.27, मालदा में 51.27, उत्तर दिनाजपुर 49.92,



वीरभूमि में 37.06, दक्षिण 24 परगना 35.57 और नादिया में 26.27 प्रतिशत मुस्लिमों की आबादी हो गई है। इस बिगड़े जनसंख्यात्मक घनत्व का ही परिणाम रहा कि 34 साल सीपीएम और 15 साल तृणमूल ने बंगाल पर शासन करते हुए घुसपैठियों को संरक्षण देते रहे। यदि असम में अवैध घुसपैठ की बात करें तो 1951 से 1971 के बीच यहां के मतदाताओं की संख्या अचानक 51 प्रतिशत बढ़ गई। 1971 से 1991 के बीच यह संख्या बढ़कर 89 फीसदी हो गई। 1991 से 2011 के बीच मतदाताओं की तादाद 53 प्रतिशत बढ़ी। जबकि देश के अन्य हिस्सों में मुस्लिमों की आबादी में बढ़ोत्तरी 13.4 प्रतिशत से 14.2 फीसदी तक ही हुई। असम में 35 प्रतिशत से अधिक मुस्लिमों वाली 2001 में विधानसभा सीटें 36 थी, जो 2011 में बढ़कर 39 हो गईं।

गौरतलब है कि 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्र होने के बाद से 1991 तक हिंदुओं की जनसंख्या में 41.89 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि इसी दौरान मुस्लिमों की जनसंख्या में 77.42 फीसदी की बेलगाम वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह 1991 से 2001 के बीच असम में हिंदुओं की जनसंख्या 14.95 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मुस्लिमों की 29.3 फीसदी बढ़ी। घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाने के लिए कांग्रेसियों ने इन्हें बड़ी संख्या में मतदाता पहचान पत्र एवं राशन कार्ड तक हासिल कराए। कांग्रेस की तरूण गोगाई सरकार इसी बूते 15 साल सत्ता में रही। लेकिन लगातार घुसपैठ ने कांग्रेस की हालत पतली कर दी थी। फलस्वरूप भाजपा सत्ता में आ गई। इस अवैध घुसपैठ के दुष्प्रभाव पहले अलगाववाद के रूप में देखने में आ रहे थे, लेकिन बाद में राजनीति में प्रभावी हस्तक्षेप के रूप में बदल गए। असम को बांग्लादेश से अलग ब्रह्मपुत्र नदी करती है। इस नदी का पाट इतना चौड़ा और दलदली है कि इस पर बाड़ लगाना या दीवार बनाना नामुमकिन है। केवल नावों पर सशस्त्र पहरेदारी के जरिए घुसपैठ को रोका जाता है। प्रधानमंत्री राजीव गांधी सरकार ने तत्कालीन असम सरकार के साथ मिलकर फैसला लिया था कि 1971 तक जो भी बांग्लादेशी असम में घुसे हैं, उन्हें नागरिकता दी जाएगी और बाकी को भारत की जमीन से निर्वासित किया जाएगा। इस फैसले के तहत ही अब तक कई बार एनआरसी ने नागरिकों की वैध सूची जारी करने की कोशिश की, लेकिन मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति के चलते कांग्रेस, वामपंथी और तृणमूल एनआरसी का विरोध करते रहे हैं। अतएव 2005 में सर्बानंद सोनोवाल बनाम भारत संघ मामले में असम में अवैध प्रवासियों के पहचान से जुड़े एक पुराने कानून को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि असम में होने वाली भारी घुसपैठ ने राज्यों के नागरिकों के जीवन को आमूलचूल प्रभावित किया है। यह स्थिति एक तरह के अघोषित बाहरी आक्रमण जैसी है। बांग्लादेश के साथ भारत की कुल 4097 किलोमीटर लंबी सीमा-पट्टी है, जिस पर जरूरत के मुताबिक सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। इस कारण गरीबी और भुखमरी के मारे बांग्लादेशी असम और बंगाल में घुसे चले आते हैं। यहां इन्हें कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल अपने-अपने वोट बैंक बनाने के लालच में भारतीय नागरिकता का सुगम आधार उपलब्ध करा देते हैं। मतदाता पहचान पत्र जहां इन्हें भारतीय नागरिकता का सम्मान हासिल करा देता है, वहीं राशन कार्ड की उपलब्धता इन्हें बीपीएल के दायरे में होने के कारण मुफ्त अनाज की सुविधा दिला देती हैं।

आसानी से बन जाने वाले बहुउद्देशीय पहचान वाले आधार कार्ड भी इन घुसपैठियों ने बड़ी मात्रा में हासिल कर लिए हैं। इन सुविधाओं की आसान उपलब्धता के चलते देश में घुसपैठियों की तादाद चार करोड़ से भी ज्यादा बताई जा रही है। यह अच्छी बात है कि अब इनकी नाक में नकेल डालकर बाहर का रास्ता दिखाने की मुहिम युद्ध स्तर पर चल रही है।

## श्रद्धांजलि

प्रो. आरके जैन



# डॉ. बशीर बद्र : उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो

उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो...बशीर बद्र की यह पंक्ति आज स्वयं एक विदाई का सन्नाटा बनकर गूंज रही है। उर्दू शायरी का वह नर्म, रोशन और संवेदनशील सितारा अब अस्त हो गया है। केवल एक शायर नहीं गया, बल्कि एक पूरी भावनात्मक परंपरा मौन हो गई। 28 मई 2026 को भोपाल में लंबी बीमारी के बाद 91 वर्ष की आयु में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन उनकी शायरी अब भी सांसों में जीवित है। वे केवल शब्द नहीं रचते थे, बल्कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाली भावनाओं की पूरी दुनिया बसाते थे- जहां दर्द भी सुंदर लगता था और उम्मीद भी बहुत करीब। उनका जाना एक खालीपन नहीं, बल्कि एक ऐसी खामोश मौजूदगी है जो हर एहसास में धीरे-धीरे उतरती रहती है। जब शब्दों की रोशनी खुद इतिहास बन जाए, तो समझिए कोई शायर अमर हो चुका होता है। मशहूर



उर्दू शायर और गज़लकार पद्मश्री बशीर बद्र का जाना साहित्य जगत के लिए एक ऐसा आघात है, जिसने भावनाओं की सबसे नाजुक परत को हिला दिया। वे उन विरले शायरों में थे जिनके शब्द मंच से उतरकर सीधे जीवन की सांसों में बस जाते थे। उनका जाना केवल शरीर का अंत नहीं, बल्कि उस आवाज़ का ठहर जाना है जिसने सादगी को भी शिखर बना दिया। फिर भी, उनकी ग़ज़लें आज भी हर टूटे दिल में जीवित हैं और हर याद में चुपचाप रोशनी बनकर चलती रहती हैं। जहां शब्द जन्म लेते हैं और संवेदना उन्हें आकार देती है, वहीं से एक असाधारण सफ़र शुरू होता है। 15 फरवरी 1935 को अयोध्या (तब फैजाबाद) में जन्मे बशीर बद्र बचपन से ही शायरी की ओर आकर्षित थे और सात वर्ष की उम्र में ही शेर कहने लगे थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पीएचडी के बाद उन्होंने वहीं उर्दू के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया, फिर मेरठ कॉलेज में 17 वर्षों तक विभागाध्यक्ष रहे। फारसी, हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी पर उनकी गहरी पकड़ ने उनकी शायरी को समृद्ध और बहुआयामी बनाया। जब जीवन की सबसे गहरी आग इंसान के भीतर उतर जाए, तो शब्द भी राख से जन्म लेते हैं। 1987 के मेरठ दंगों ने बशीर बद्र को भीतर तक तोड़ दिया- उनका घर, यादें और अनमोल अनप्रकाशित रचनाएं सब-कुछ जलकर राख हो गया। इस त्रासदी ने उन्हें लंबे समय तक लेखन से दूर कर दिया और उनका जीवन गहरे खालीपन में डूब गया। लेकिन भोपाल में डॉ. राहत बद्र के साथ नए सिरे से मिली जीवन-धारा ने उन्हें फिर से शब्दों की ओर लौटा दिया। उसी पीड़ा से निकली उनकी अमर पंक्ति-"लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में..."-आज भी मानवीय संवेदना की सबसे तीखी और सजीव अभिव्यक्ति मानी जाती है। शब्दों को सजाने के बजाय उन्हें जीने की कला बशीर बद्र की शायरी की सबसे बड़ी पहचान थी। उन्होंने जटिल अलंकारों की जगह जीवन की सीधी, सरल भाषा को अपनाया और उसी में गहराई भर दी। प्रेम, विरह, अकेलापन और सामाजिक यथार्थ उनकी ग़ज़लों में सहजता से उतरते थे। उनकी प्रमुख कृतियाँ 'इकाई', 'इमेज', 'आमद', 'आहट', 'आस' और 'कुल्लियात-ए-बशीर बद्र' आधुनिक उर्दू साहित्य की अमूल्य धरोहर बन गईं। 'आस' के लिए उन्हें 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और उसी वर्ष पद्म श्री से सम्मान मिला। साथ ही उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से चार बार, बिहार उर्दू अकादमी से एक बार तथा 1980 में न्यूयॉर्क के 'पोएट ऑफ द ईयर' सम्मान ने उनकी वैश्विक पहचान को और मजबूत किया। कुछ पंक्तियां समय को भी पीछे छोड़ देती हैं और स्मृतियों में हमेशा के लिए बस जाती हैं- ऐसी ही शायरी बशीर बद्र की पहचान है। उनकी मशहूर पंक्तियां "उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो..." और "दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे..." आज भी लोगों की जुबान पर जीवित हैं, जो रिश्तों और भावनाओं को एक नई दृष्टि देती हैं। उनके 18,000 से अधिक शेर और असंख्य ग़ज़लें फिल्मों, रेडियो और मुशायरों में लगातार गूंजती रही हैं। उनकी शायरी ने उर्दू ग़ज़ल को आम इंसान की भाषा बना दिया, जहां हर व्यक्ति अपने दर्द और अपनी पहचान को महसूस कर सकता है।

# कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित

**दर्शन**

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

# सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित

**प्रेरणा**

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहा- मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहा- मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूं। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोला- मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूं। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोका- यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### पेट्रोल-डीजल वाहनों का विकल्प इलेक्ट्रिक वाहन

अमरीका और ईरान युद्ध के कारण हमारे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है। इससे आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ रहा है, खासतौर पर जिनका कारोबार अपने निजी वाहनों के जरिए होता है, डीजल की कीमत में वृद्धि से सार्वजनिक वाहनों में सफर भी महंगा हो सकता है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम ई-बस सेवा योजना को हरी झंडी देकर चंडीगढ़ के लिए लगभग 25 इलेक्ट्रिक बसों का वर्चुअल तरीके से शुरुआत की। छत्तीसगढ़ में भी ऐसी पहल हो चुकी है। यहां की सरकार ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अच्छी पहल करते हुए नई इलेक्ट्रिक बसें और अन्य सरकारी वाहन ही खरीदने का मन बनाया है। सरकार इससे अपने यहां डीजल और पेट्रोल का प्रयोग भी कम करेगी। *- विकास चौधरी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### अगले पांच साल में तापमान में होगी रिकॉर्ड वृद्धि : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र की नयी जलवायु रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि अगले पांच वर्षों के दौरान पृथ्वी का तापमान कई बार उस अंतरराष्ट्रीय सीमा से ऊपर जा सकता है, जिसे अब तक सुरक्षित माना जाता रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान पृथ्वी के सबसे गर्म वर्ष का रिकॉर्ड भी कई बार टूट सकता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने यह भी अनुमान जताया है कि 2030 तक आर्कटिक क्षेत्र का तापमान करीब 1.66 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। इसके साथ ही अमेजन क्षेत्र में गंभीर सूखे और वनाग्नि का खतरा भी बढ़ सकता है।



## ऑफ बीट

### लगातार गाड़ी चलाते समय थकान क्यों महसूस होती है

चाहे आप रोज दफ्तर आने-जाने के लिए गाड़ी चला रहे हों या समुद्र किनारे लंबी यात्रा पर निकले हों, लगातार 'ड्राइविंग' शरीर और दिमाग दोनों को थका सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गाड़ी चलाना एक बेहद जटिल काम है, जिसमें दिमाग के कई हिस्सों को एक साथ काम करना पड़ता है। इनमें योजना बनाना, सतर्क रहना और आसपास की चीजों को समझना शामिल हैं। लेकिन जब आप थक जाते हैं, तो दिमाग के ये हिस्से पहले की तरह प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाते। यही वजह है कि चालक की थकान को सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता है।



## ट्रेंड

### सावरकर को श्रद्धांजलि



महान क्रांतिकारी और प्रतिभाशाली राष्ट्रवादी विचारक वीर सावरकर को हार्दिक श्रद्धांजलि! उनका वीरता और बुद्धि से परिपूर्ण व्यक्तित्व राष्ट्र की प्रत्येक पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### खाद्यान्न उत्पादन



देश में खाद्यान्न उत्पादन का अब तक का उच्चतम स्तर दर्ज किया गया है। कल ही हमने तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया। इस वर्ष खाद्यान्न का कुल अनुमानित उत्पादन 3,765.63 लाख टन है, जो पिछले वर्ष से 188 लाख टन अधिक है।

- **शिवराज सिंह चौहान**, केंद्रीय कृषिमंत्री

### समस्याओं का समाधान



सत्ता हमारे लिए सुख का साधन नहीं, बल्कि जनता की सेवा का माध्यम है। ग्राम चौपाल के माध्यम से राजस्थान सरकार आज हर गांव तक पहुंच रही है, ताकि समस्याओं का समाधान मौके पर किया जा सके और विकास योजनाएं समाज के सबसे दूरस्थ व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें।

- **भजनलाल शर्मा**, सीएम, राजस्थान

### राजनीतिक प्रतीक



भारतीय सार्वजनिक विमर्श के विशाल रंगमंच पर, जहाँ रूपक लंबे समय से औजार और हथौड़े दोनों का काम करते आए हैं, तिलचट्टे का एक कीड़े से राजनीतिक प्रतीक के रूप में उभरना एक गहरा परिवर्तन दर्शाता है।

- **राम गोपाल वर्मा**, फिल्मकार

## संक्षेप

### 2 घंटे झमाझम बारिश, तापमान में गिरावट

**सुबह 4 बजे शुरू हुई, गर्मी से राहत; मौसम विभाग का अलर्ट**

अमेठी , सुबह अचानक मौसम बदल गया। तड़के करीब 4 बजे से शुरू हुई जोरदार बारिश ने पूरे जिले को तरबतर कर दिया। लगभग 2 घंटे तक लगातार हुई इस बारिश से लोगों को पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है ।बारिश सुबह 4 बजे से 6 बजे तक जारी रही। इस दौरान करीब 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलीं। फिलहाल जिले में हल्की बूंदाबांदी जारी है और आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। लगातार बारिश और ठंडी हवाओं के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। सुबह का तापमान लुढ़ककर 32 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इस तेज बारिश से जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। खेतों को पर्याप्त पानी मिलने से खरीफ की फसल की बुवाई में मदद मिलेगी। हालांकि, शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति भी बन गई है। मौसम विभाग ने अमेठी जिले के लिए अगले तीन घंटे भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और बिजली के खंभों तथा पेड़ों से दूर रहें।

### ट्रक पलटने से दो युवकों की मौत

**अनियंत्रित ट्रक बाइक पर पलटा, दो गंभीर घायल अस्पताल में भर्ती**

अमेठी, देर रात एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के लखीपुर गांव के पास टांडा बांदा राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर दो बाइकों पर पलट गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। यह घटना देर रात करीब 10:30 बजे हुई। गौरीगंज से सुल्तानपुर की ओर जा रहा प्याज लदा ट्रक (संख्या यूपी 44 सीटी 4747) पहले एक बाइक को टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर दूसरी बाइक पर पलट गया। ट्रक के नीचे दबने से यह हादसा हुआ। हादसे में प्रतापगढ़ जिले के अंतू थाना क्षेत्र के गाजीपुर निवासी प्रिंस वर्मा (16 वर्ष) पुत्र श्यामलाल वर्मा और सनी कुमार (25 वर्ष) पुत्र रामदेव वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार सुल्तानपुर जिले के राजू और अजीत वर्मा पुत्र गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। मुंशीगंज थाना प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर उनके परिजनों को सूचना दे दी है। बताया गया है कि बाइक सवार सभी युवक आपस में दूर के रिश्तेदार थे। वे मुंशीगंज थाना क्षेत्र के दरपीपुर गांव में ओम प्रकाश वर्मा के यहां आयोजित भंडारे में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे ।घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस क्रेन और हाइड्रा की मदद से सड़क पर पलटे ट्रक को हटाने और यातायात बहाल करने में जुटी हुई है।

# पत्रकार समाज और लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी: ललिता हरेन्द्र पासवान

## अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर पत्रकारों व कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा के मिहींपुरवा में समाजवादी पार्टी की संभावित उम्मीदवार ललिता हरेन्द्र पासवान की ओर से अहिल्याबाई होल्कर की जयंती धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम में पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया ।राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर मिहींपुरवा स्थित नवनीत पिक्चर पैलेस सभागार में समाजवादी कार्यकर्ता सम्मेलन एवं लोकतंत्र प्रहरी पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी की नेत्री एवं बलहा विधानसभा क्षेत्र की संभावित प्रत्याशी ललिता हरेंद्र पासवान के नेतृत्व में संपन्न हुआ। समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जिले के विभिन्न क्षेत्रों के पत्रकारों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि वे विषम परिस्थितियों में भी जनता की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ललिता हरेंद्र पासवान ने कहा कि पत्रकार समाज और लोकतंत्र के प्रहरी हैं। उनके निष्पक्ष और साहसिक कार्यों से जनहित के मुद्दे प्रमुखता से सामने आते हैं। उन्होंने जनसमस्याओं के समाधान तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्व समाज कल्याण राज्य मंत्री बंशीधर बौद्ध ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जनकल्याणकारी, न्यायप्रिय एवं धर्मनिष्ठ शासन का उल्लेख करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आान किया। समाजवादी नेता जुग्गी लाल यादव ने कार्यकताओं से जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने की अपील की तथा क्षेत्र में कथित अवैध खनन पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम को प्रदीप कुमार गौतम ने भी संबोधित किया। संचालन मोहम्मद जमील कुरैशी एवं मिथिलेश यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने४ का आान किया उन्होंने कहा कि युवा अभी से तैयार रहे ।इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव, मिथिलेश यादव, प्रदीप गौतम, अनूप मौर्य, वीरेंद्र चक्रवर्ती, जुग्गी लाल यादव, मदन चौहान, पूनम गौतम, सीता पासी सहित विभिन्न गांवों के बूथ अध्यक्ष सेक्टर एवं जोन प्रभारी उपस्थित रहे। सम्मानित पत्रकारों में मनोज तिवारी,मदन पोरवाल, मिथिलेश जायसवाल,मोहम्मद असलम, विनोद शर्मा, अनिल कुशवाहा, जुनैद खान, मदन पोरवाल, मोहम्मद जमील कुरैशी, अब्दुल खबीर, हरगोविंद पांडेय, मनीष सिंह, मोहम्मद सलीम, अनिल मौर्य, अजीत मौर्य, रईस खान दुर्गेश वर्मा सहित अन्य पत्रकार व समाजवादी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सड़क पार कर रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। थाना क्षेत्र के खलीफतपुर स्थित कलाम फिलिंग स्टेशन के पास शनिवार रात हुए सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 मई 2026 को रात करीब 8:50 बजे एक अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे भगवान दीन (60 वर्ष) पुत्र भज्जन, मूल निवासी ग्राम बहुटा थाना रानीपुर, जनपद बहराइच को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई ।बताया जाता है कि भगवान दीन पिछले लगभग तीन वर्षों से अपने जीजा राजकरन पुत्र मोतीलाल के घर, ग्राम खलीफतपुर में रह रहे थे। हादसे की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी कुंडासर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई पूरी की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

# युवती ने फंदे से झूलकर गंवाई जान, परिजनों में मचा कोहराम।

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में 26 वर्षीय युवती जिसका 5 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था ने गले में फंदा डालकर अपनी जान दे दिया। घटना से परिजनों में मातम का माहौल है। सूचना पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा है। वहीं ग्रामीणों द्वारा सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई ।प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सरनामसिंहपुरवा दाखिला मुनीमपुर कला थाना खैरीघाट जनपद बहराइच निवासी कृतमान सिंह की पत्नी छाया देवी उम्र 26 वर्ष ने रविवार को फंदे से लटक कर अपनी जान दे दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई जिस पर खैरीघाट पुलिस द्वारा मजिस्ट्रेट व फील्ड यूनिट को जानकारी देते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलन कर पंचनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आवश्यक जांच पड़ताल की जा रही है, मृत्यु के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।



# आप का बिजली संकट पर प्रदर्शन

## कार्यालय घेरा किया शंखनाद, 48 घंटे में सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,जयसिंहपुर क्षेत्र में गहराते बिजली संकट, अघोषित कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे के नेतृत्व में कार्यकताओं और स्थानीय उपभोक्ताओं ने जयसिंहपुर बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने शंख बजाकर विरोध दर्ज कराया और एठ को ज्ञापन सौंपा। वंशराज दुबे ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और उमस में जयसिंहपुर की जनता अघोषित बिजली कटौती से परेशान है। रात भर बिजली गुल रहने से बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सो नहीं पा रहे हैं। विभाग पर ₹बड़े फजीवाड़े₹ का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में आबादी और मांग के अनुसार बिजली का लोड बढ़ गया है। हालांकि, विभाग भ्रष्टाचार और अपनी नाकामी छिपाने के लिए कागजों पर ट्रांसफॉर्मर का लोड कम दिखा रहा है उन्होंने बताया कि कम क्षमता के कारण ट्रांसफॉर्मर अक्सर खराब हो रहे हैं, तार टूट रहे हैं और लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इस स्थिति ने घरों के पंखों को भी प्रभावित किया है, साथ ही किसानों की सिंचाई और व्यापारियों के व्यवसाय को भी बाधित किया है। आप नेता ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि अगले 48 घंटों के भीतर जयसिंहपुर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई और ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता नहीं बढ़ाई गई, तो आम आदमी पार्टी जनता के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# बिजली मिस्त्री से 5 लाख की ठगी

**प्यार और शादी का झांसा दिया, गहने और रुपए ऐंठे; दो बहनों समेत तीन पर प्राथमिकी दर्ज**

अमन लेखनी समाचार




सुल्तानपुर, एक बिजली मिस्त्री से प्यार और शादी का झांसा देकर 5 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर इस मामले में दो सगी बहनों सहित तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह घटना कोतवाली नगर क्षेत्र की है। रायबरेली रोड स्थित काशीराम आवास (अमहट कॉलोनी) निवासी सुरेश कुमार, जो पेशे से बिजली मिस्त्री हैं, की मुलाकात नवंबर 2020 में ओमनगर निवासी निहारिका उपाध्याय से हुई थी। निहारिका ने सुरेश को बताया कि वह अविवाहित है और उससे शादी करना चाहती है। इसके बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत और मुलाकातें बढ़ने लगीं। निहारिका ने अपनी पारिवारिक और व्यक्तिगत मजबूरियों का बहाना बनाकर सुरेश से लगातार पैसे मांगे। उसने कभी अपने भाई नारायण के जरिए नकद राशि मंगवाई, तो कभी दुकानदारों के ऑनलाइन स्कैनर भेजकर सुरेश के दोस्तों के खातों से पैसे ट्रांसफर करवाए। निहारिका ने सुरेश से चांदी की अंगूठी, सोने के झुमके और सोने की जंजीर भी खरीदी। जब सुरेश ने शादी के लिए दबाव डाला, तो निहारिका बहाने बनाने लगी। सुरेश को संदेह हुआ और उसने पड़ताल की। जांच में सामने आया कि निहारिका पहले से ही एक मुस्लिम व्यक्ति से विवाहित है और उसकी 6 साल की एक बेटी भी है।

# 10 लोग जुआ खेलते पकड़े गए

## संग्रामपुर में पुलिस की कार्रवाई, 5 बाइक सीज

अमन लेखनी समाचार




अमेठी , जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर 10 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में खुलेआम जुआ खेला जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घेराबंदी कर सभी आरोपियों को दबोच लिया। मौके से 10,380 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही जुए के अड्डे पर खड़ी 5 मोटरसाइकिलों को भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए जुआरियों की पहचान राकेश वर्मा, राजेंद्र कुमार, बृजेश कुमार, प्रमोद शर्मा, राहुल वर्मा, पीयूष कुमार, यश, पवन शर्मा, विजय शर्मा और अजय वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सभी आरोपी संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने जुआ खेलने की बात स्वीकार की है। सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जुआ, सट्टा और नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# तेज आंधी से गिरे पेड़ ,सड़क पर लगा जाम

## कई गाड़ियां फंसी, लोगों को आने जाने में हुई परेशानी

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , रात अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज आंधी के चलते मथुरा रोड स्थित आसना-अजीतपुर क्षेत्र में एक विशाल शीशम का पेड़ सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से मथुरा रोड पर घंटों तक यातायात प्रभावित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालांकि, मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से राहत भी मिली।

### दिनभर गर्मी से बेहाल रहे लोग

शहर में पिछले कई दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा था। उमस भरी गर्मी और तेज धूप के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया था। दोपहर के समय सड़कें और बाजार सूने नजर आए, जबकि बढ़ती गर्मी के चलते बिजली की खपत भी बढ़ गई थी।

### तेज आंधी में सड़क पर गिरा शीशम का पेड़

देर शाम अचानक तेज हवाओं के साथ आंधी शुरू हो गई। इसी दौरान मथुरा रोड पर आसना-अजीतपुर के पास सड़क किनारे खड़ा विशाल शीशम का पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क पर आ गिरा। पेड़ गिरते ही सड़क के दोनों ओर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई।

### वाहनों की लगी लंबी कतार, लोगों को हुई परेशानी

पेड़ गिरने के कारण मथुरा रोड पर लंबा जाम लग गया। राहगीरों और वाहन चालकों को घंटों तक परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन सड़क पर फंस गए और लोगों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा।

### कड़ी मशक्कत के बाद हटाया गया पेड़

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। काफी देर तक चले राहत कार्य के बाद पेड़ को काटकर सड़क से हटाया गया। इसके बाद यातायात को सामान्य किया जा सका और लोगों ने राहत की सांस ली। आने वाले दिनों में भी मौसम बदलने के संकेतमौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक तेज हवाएं चलने और मौसम में बदलाव की संभावना बनी हुई है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

# मारपीट के 5 दिन बाद युवक की मौत

**परिजनों का पुलिस पर लापरवाही का आरोप, बोले- मुकदमा दर्ज और मेडिकल होता तो बच सकती थी जान**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , सिंधौली क्षेत्र में ग्राम समाज की जमीन को लेकर हुए विवाद में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत के बावजूद न तो मुकदमा दर्ज किया गया और न ही मेडिकल कराया गया। युवक की मौत के बाद पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों ने हंगामा किया और दोषियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। रविवार सुबह इलाज के लिए आगरा ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि 27 मई को ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने शिवकुमार के साथ मारपीट की थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों के मुताबिक, घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई थी, लेकिन न तो उनकी तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई और न ही घायल का मेडिकल कराया गया। आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ही झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

### इलाज के लिए ले जाते समय तोड़ा दम

शिवकुमार की हालत लगातार बिगड़ती गई। परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए आगरा मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे, लेकिन रविवार सुबह रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि वापसी के दौरान पुलिस ने रास्ते में ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताई। उनका कहना था कि यदि समय रहते मेडिकल परीक्षण और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाती तो शिवकुमार की जान बच सकती थी।

# रंजिश में घर में घुसकर हमला

**कुल्हाड़ी से युवक को किया घायल, सात लोगों पर मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ ,बाघराय थाना क्षेत्र के धनवसिया गांव में रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी छोटेलाल मिश्र ने पुलिस को बताया कि रात करीब आठ बजे कुछ लोग लाठी-डंडे, सरिया, कुल्हाड़ी और बंदूक लेकर उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब उनके नाती आदर्श मिश्रा पुत्र रामसागर ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से आदर्श मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। घर में घुसकर की मारपीट और तोड़फोड़ पीड़ित के अनुसार, जब वह आदर्श को बचाने के लिए घर के अंदर ले गए तो आरोपी भी घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने छोटेलाल, उनकी पत्नी और बड़े नाती के साथ मारपीट की। इस दौरान घर में रखे सामान को भी नुकसान पहुंचाया गया ।ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी फरारघटना के दौरान शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए और बंदूक लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घायलों को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्जपुलिस ने अमर सिंह, श्यामलाल सिंह, राम यादव, विजय यादव, कल्लू, राम दुलारे और राम प्यारे समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 2 क्विंटल गांजा जब्त, 3 गिरफ्तार

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2.22 करोड़ रुपये, ट्रक सीज

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 क्विंटल 21 किलो 640 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 2 करोड़ 22 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने शाम 7 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ ₹ऑपरेशन प्रहार₹ चलाया जा रहा है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक से गांजे की बड़ी खेप लाई जा रही है। इस सूचना पर थाना फतनपुर पुलिस और स्वाट टीम ने पकड़ी बॉर्डर बैरियर पर घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। ट्रक में अन्य सामानों के बीच छिपाकर रखी गई 7 बोरियों से कुल 2 क्विंटल 21 किलो 640 ग्राम गांजा मिला। मौके से ट्रक चालक सहित तीन आरोपियों अरबाज (25), शोएब मलिक (22) और मोहम्मद वासिर (27) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा से अवैध गांजा लाकर ट्रांसपोर्ट के जरिए अलग-अलग जगहों पर सप्लाई करते थे। वे गांजे को अन्य सामानों के बीच छिपाकर ले जाते थे ताकि पुलिस की पकड़ में न आएं और अवैध कारोबार के जरिए मोटा मुनाफा कमा सकें।

## संक्षेप

### परिवार ने दबंगों पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया

#### बागपत के वाजिदपुर के ग्रामीण डीएम कार्यालय पहुंचे

बागपत, बड़ौत तहसील क्षेत्र के वाजिदपुर गांव में जमीन विवाद का मामला सामने आया है। गांव निवासी एक परिवार ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर दबंगों पर उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी खतौनी में दर्ज जमीन पर गांव के कुछ लोग जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित प्रवीण पुत्र जय कुमार सिंह ने बताया कि उनकी जमीन पर पहले भी कब्जे की कोशिश की जा चुकी है। अब दोबारा कुछ लोग हथियारबंद व्यक्तियों के साथ जमीन पर पहुंचकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। परिवार का आरोप है कि आरोपी उन्हें खेत में जाने तक नहीं दे रहे हैं। इतना ही नहीं, विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए डराने-धमकाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि मामले की शिकायत पहले भी स्थानीय पुलिस चौकी और थाना बड़ौत में की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। परिवार ने डीएम से निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। साथ ही परिवार ने अपनी जान-माल की सुरक्षा की भी गुहार लगाई है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। डीएम अस्मिता लाल ने जांच कर करावाई का आश्वासन दिया

### वंश धनकर हत्याकांड में कार्रवाई की मांग

#### ग्रामीणों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

बागपत, कोतवाली क्षेत्र के फैजपुर निनाना गांव के ग्रामीण शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एक शिकायती पत्र सौंपकर गांव के युवक वंश धनकर की हत्या के मामले में निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव निवासी वंश धनकर की हत्या 19 और 20 मई की रात को कुछ अज्ञात लोगों ने कर दी थी। परिजनों ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी युवक का मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए थे। मृतक वंश धनकर के पिता बाबूलाल ने जानकारी दी कि उन्होंने 23 मई को स्थानीय थाने में तहरीर दी थी। हालांकि, उनका आरोप है कि अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। परिजनों का यह भी आरोप है कि आरोपी गांव के प्रधान के साथ मिलकर जांच को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि जांच किसी दूसरे थाने को सौंपी जाए, ताकि किसी प्रकार का दबाव या पक्षपात न हो। पीड़ित परिवार ने बताया कि उन्हें लगातार डर और तनाव का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग दोहराई। वहीं, एसपी कार्यालय पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों को मामले में उचित जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# 3 प्रमुख कोचिंग संस्थान सीज

## सड़कों पर कॉकरोच कहकर किया था प्रदर्शन, छात्रों और शिक्षकों में नाराजगी

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज, प्रयागराज विकास प्राधिकरण और अग्निशमन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में शहर के तीन प्रमुख कोचिंग संस्थानों को सीज कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद छात्रों और शिक्षकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। जानकारी के अनुसार, 29 मई को पेपर लीक और विभिन्न परीक्षाओं में धांधली के खिलाफ छात्रों ने प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन में कई कोचिंग संस्थानों के शिक्षक भी शामिल हुए थे। इसके अगले दिन पीडीए और अग्निशमन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए शहर की तीन प्रमुख कोचिंग संस्थाओं को सीज कर दिया। सीज की गई कोचिंग संस्थाओं में एग्जामपुर वाला कोचिंग, सुपर क्लाइमेक्स कोचिंग और टारगेट ऑन कोचिंग शामिल हैं। इन संस्थानों से जुड़े शिक्षक विवेक, मारूफ खान और प्रदीप तिवारी छात्रों के आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल रहे थे। कार्रवाई के बाद शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि छात्रों के हित में आवाज उठाने और शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने के कारण उन्हें निशाना बनाया गया है। उनका कहना है कि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण था, इसके बावजूद प्रशासनिक कार्रवाई की गई। वहीं पीडीए और अग्निशमन विभाग की ओर से बताया गया कि यह कार्रवाई विभिन्न भवन और अग्नि सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आधार पर की गई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नियमानुसार जांच के बाद ही संस्थानों को सीज किया गया है। कार्रवाई के बाद बड़ी संख्या में छात्र भी नाराज नजर आए। छात्रों का कहना है कि इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी। वहीं शिक्षकों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। फिलहाल इस कार्रवाई को लेकर शहर में चर्चा का माहौल है

### हजारों छात्र उतरे थे सड़कों पर

प्रयागराज में शुक्रवार की शाम 2 हजार से ज्यादा प्रतियोगी छात्रों ने करीब ढाई घंटे प्रदर्शन किया था। ठएएळ पेपर लीक और अन्य भर्ती परीक्षाओं में धांधली का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की थी। छात्रों ने कहा- आज कॉकरोच प्रयागराज की सड़कों पर हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें, उनके कार्यकाल में सबसे ज्यादा धांधली हो रही है। छात्रों ने कहा, पेपर लीक और भर्ती प्रक्रियाओं में गड़बड़ियों से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। मेहनत करने वाले छात्रों का भरोसा संस्थाओं और परीक्षा सिस्टम से उठ रहा है।

# तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

## गर्मी की छुट्टी में नाना के घर आए थे दोनों बच्चे

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, थरवई थाना क्षेत्र स्थित कटियाही गांव में रविवार सुबह तालाब में डूबने से एक भाई-बहन की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सचिन यादव (12 वर्ष) और मधु यादव (10 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों बच्चे रविवार सुबह गांव के अन्य बच्चों के साथ खेल रहे थे। खेलते हुए वे गांव के पास एक तालाब के किनारे पहुंचे। आशंका है कि इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटनास्थल पर कोई मौजूद न होने के कारण उन्हें समय रहते बचाया नहीं जा सका। काफी देर तक बच्चों के घर न लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान ग्रामीणों को तालाब के किनारे बच्चों के होने के संकेत मिले। इसके बाद तालाब में तलाश की गई और काफी प्रयासों के बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया। हालांकि, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे की खबर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चे मूल रूप से उतरांव थाना क्षेत्र के बलकसराय गांव के निवासी थे।

# जनपद में धर्म परिवर्तन कराने वालों का खुला चिठ्ठा

### पिता पुत्र ने धन का प्रलोभन देकर अनगिनत लोगों को बनाया हिंदू से इसाई

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर/जनपद के गाजीपुर कस्बे अंतर्गत निवास करने वाले सूरज गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता तथा स्वयं पिता सुरेश गुप्ता ने मिलकर क्षेत्र समेत दूसरे क्षेत्र के अनगिनत लोगों को धर्म परिवर्तन कराते हुए ईसाई धर्म कबूल करा दिया यह जानकारी जैसे ही क्षेत्र में फैली तो लोगों में खलबली मच गई वहीं क्षेत्र के बांवरा गांव निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने स्थानीय थाना गाजीपुर में लिखित तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की स्थानीय प्रशासन ने भी इस मामले को पूर्व काल में ध्यान नहीं दिया वहीं तहरीर प्राप्त होने के पश्चात प्रशासन हरकत में आया तथा छापेमारी की जहां मौके पर बहुत सारे लोग तथा पिता पुत्र मौजूद मिले प्रशासन ने जाकर देखा जहां लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक लोग महिला पुरुष तथा बच्चों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरणा दी जा रही थी धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरणादाता सुरेश गुप्ता के पास ईसाई धर्म का साहित्य भी मौके पर मिला मौके पर मौजूद लोगों से प्रशासन ने पूछताछ की जहां उन्होंने उपर्युक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा धर्म परिवर्तन कराने के लिए पैसे का लालच देना बताया वहीं कई लोगों ने बताया कि यह खेल लगभग वर्षों से चल रहा है हैरतअंगेज बात यह है कि स्थानीय प्रशासन अभी तक इस गंभीर मामले से कोसों दूर रहा पिता पुत्र द्वारा भक्तों को बुलाया जाता है तथा ईसाई धर्म की प्रेरणा देते हुए प्रार्थना सभाएं भी कराई जाती रही है स्थानीय पुलिस प्रशासन ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा पूछताछ प्रारंभ की वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि दी गई तहरीर के आधार पर छापेमारी की गई है मिले हुए बिंदुओं तथा पूछताछ के पश्चात कार्रवाई की जाएगी

# आवास विकास कार्यालय पहुंची धरने पर बैठी महिलाएं

## सेटबैक न छोड़ने को लेकर शास्त्रीनगर में दो जगह पर जारी है महिलाओं का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, शास्त्रीनगर स्थित सेक्टर 2 और सेक्टर 4 में महिलाओं का धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। इसी क्रम में सेक्टर 4 की महिलाएं धरना स्थल से पैदल मार्च करती हुई आवास विकास कार्यालय पर पहुंची और अधिकारियों से वार्ता की। महिलाओं ने सेटबैक छोड़ने से उनको क्या-क्या परेशानियां हो सकती हैं, इससे अधिकारियों को अवगत कराते हुए गुहार लगाई। महिलाओं ने मुख्य रूप से बताया कि सभी मकान लगभग 37 मीटर में बने हुए हैं जिसमें 5 से 6 लोग एक मकान में रहते हैं। ऐसे में अगर आगे से वह अपना मकान तोड़ देंगे तो फिर अपने परिवार के साथ रहने का संकट दिया जाए। इसके साथ-साथ महिलाओं के अनुसार छोटे मकान में सेटबैक छोड़ने को एक और समस्या है कि सभी मकान एक दूसरे से मिलकर बने हैं और यह मकान पिलर पर नहीं बने हैं। इसके साथ साथ सभी मकान लगभग 40 साल पुराने हैं। अगर ऐसे में मकान को तोड़ते हैं तो इनके पूर्ण ध्वस्त होने का भी खतरा बना हुआ है। वहीं अधिकारियों ने महिलाओं से बताया कि आदेश सुप्रीम कोर्ट का है इसलिए इसमें कोई कुछ नहीं कर सकता है। जो भी सेटबैक छोड़ सकते हैं वह सेटबैक छोड़ दे अन्यथा न छोड़ने का अपना कारण सुप्रीम कोर्ट के सामने रखें बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार ही कार्रवाई होगी। इसके साथ ही सेक्टर 2 में भी महिलाओं का प्रदर्शन लगातार जारी है हनुमान चालीसा से धरने की शुरूआत करने के बाद महिलाएं सड़कों पर बैठकर प्रदर्शन कर रही है और उनकी मांग भी यही है कि उनको अपने मकानो में सेटबैक ना छोड़नापड़े

# डंफर हुआ अनियंत्रित दो बाइक सवार हुए घायल




अमन लेखनी समाचार

बिंदकी फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दरियापुर मोड के पास मुख्य मार्ग में कल रविवार को प्रातः काल एक अनियंत्रित डंफर ने बाइक में टक्कर मार दिया वहीं टक्कर खाकर बाइक सवार दूर जा गिरे तथा घायल हो गए वही अनियंत्रित डंफर टक्कर मारते हुए एक शीशम के पेड़ में जा टकराया जहां गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई परंतु डंफर चालक सुरक्षित रहा वहीं बाइक में सवार 20 वर्षीय युवक प्रांशू पुत्र सुरेश निवासी गांव रसूलपुर थाना ललौली तथा 21 वर्षीय अर्जुन पुत्र अमित निवासी गांव दरियापुर कोतवाली थाना बिंदकी घायल हो गए घायलों को नजदीकी स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया जिनका उपचार जारी है

# भीषण गर्मी से बेजुबान बेहाल

## पशुपालन विभाग ने मदद के लिए जागरूकता वीडियो जारी किया

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, लगातार बढ़ रही गर्मी से जनजीवन के साथ-साथ बेजुबान पशु-पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं। पिछले कई दिनों से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जिससे पशु-पक्षी पानी और छांव के लिए भटकते नजर आ रहे हैं। कई स्थानों पर कुत्ते, गाय, कबूतर और अन्य पक्षी प्यास और गर्मी के कारण कमजोर स्थिति में देखे गए हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, गाजियाबाद के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी पांडे ने नागरिकों से पशु-पक्षियों की मदद के लिए आगे आने की अपील की है। पशुपालन विभाग ने इस संबंध में एक जागरूकता वीडियो भी जारी किया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वीडियो में लोगों से अपने घरों की छत, बालकनी, गली या पार्क में मिट्टी या प्लास्टिक के बर्तन में पानी भरकर रखने का आग्रह किया है। पालतू पशुओं की देखभाल के लिए भी दिशानिर्देश वीडियो में पालतू पशुओं की देखभाल के लिए भी दिशानिर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि पालतू पशुओं को दिन में कई बार साफ पानी पिलाया जाए और उन्हें सुबह-शाम के समय ही बाहर ले जाया जाए। डॉ. एसपी पांडे ने जोर देकर कहा कि बेजुबान जानवर अपनी परेशानी व्यक्त नहीं कर सकते, इसलिए मनुष्यों को उनकी सहायता करनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि पानी का एक छोटा सा बर्तन भी किसी जीव की जान बचा सकता है। पशुपालन विभाग ने जिले के सभी पशु चिकित्सालयों को अलर्ट पर रखा है। लू और डिहाइड्रेशन से बीमार होने वाले पशुओं के इलाज के लिए आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था की गई है।

इसके अतिरिक्त, शहर की कई सोसायटियां और आरडब्ल्यूए भी अब पशुओं के लिए पानी के बर्तन रखवाने की पहल कर रहे हैं।

# होटल में पुलिस ने सेक्स रैकेट पकड़ा

## होटल मैनेजर, दलाल के अलावा दो ग्राहक पड़े, आपत्तिजनक सामान बरामद

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, टीपी नगर पुलिस ने एक होटल में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मौके से होटल मैनेजर, एक दलाल के अलावा दो ग्राहक पकड़े गए हैं। पुलिस के द्वारा तीन महिलाओं को मुक्त कराया गया है। यह तीनों महिलाएं नौकरी के बहाने यहां लाई गई थी। टीपी नगर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 58 पर रूम टू नाम से होटल बना है। 3 महीने पहले ही मुजफ्फरनगर के अनुज बालियान ने होटल खरीद कर यहां दो युव एक सूचना के आधार पर टीपी नगर पुलिस ने यहां छापा मारा और सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया। तीन महिलाओं को कराया गया मुक्त महिला पुलिस को साथ लेकर टीपी नगर पुलिस होटल में घुसी तो वहां खलबली मच गई। पुलिस ने कमरों की तलाशी ली तो वहां से तीन महिला और दो युवकों को पकड़ लिया गया। इसके बाद पुलिस ने होटल के मैनेजर और उसके एक साथी को भी हिरासत में ले लिया।

### हिंदू संगठन की सूचना पर मारा छापा

पुलिस की मानें तो पिछले कुछ दिन से होटल की गतिविधियों को लेकर शिकायत मिल रही थी। एक हिंदू संगठन के कार्यकर्ता ने पुख्ता जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने होटल पर छापा मारकर कई लोगों को हिरासत में लिया। होटल मैनेजर का नाम प्रिंस और उसके दोस्त का नाम अंकुर बताया जा रहा है। अंकुर दलाल का काम करता है महिला पुलिस की सुपुर्दगी में तीनों पीड़िता टीपी नगर अरुण मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने जिन तीन महिलाओं को होटल से मुक्त कराया है, वह असम लखनऊ और पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं। तीनों के परिवार से संपर्क कर लिया गया है। फिलहाल तीनों को महिला थाना पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया है। परिजनों के आते ही उनके साथ भेज दिया जाएगा।

### दोनों ग्राहक आसपास के ही रहने वाले

पुलिस ने होटल के अंदर से दो ग्राहकों को भी आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा है। इन दोनों की पहचान ब्रह्मपुरी निवासी केशव और जानी निवासी सोहन के रूप में हुई है। चारों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। फिलहाल चारों थाना पुलिस की हिरासत में रहेंगे।

### कमरों से आपत्तिजनक सामान बरामद

होटल में सेक्स रैकेट चल रहा था, इस बात के पुख्ता सबूत पुलिस के हाथ लगे हैं। पुलिस ने कमरे से काफी मात्रा में आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। करीब 50 से ज्यादा यूज्ड कंडोम तक बताये जा रहे हैं। कमरे के भीतर के हालात देखकर पुलिस भी हैरान थी। शक्तिवर्धक गोलियां भी कमरे से पुलिस के हाथ लगी है।

# 3 सेक्टर में बनेगी पजल पार्किंग

## 300 वाहन खड़े होंगे, 36 लाख की कमाई होगी; सेक्टर-63 में काम शुरू

अमन लेखनी समाचार



नोएडा में 300 से अधिक वाहनों की पार्किंग के लिए जून में पजल पार्किंग का निर्माण शुरू होने जा रहा है। इसके लिए तीन टेंडर जारी किए गए थे। तीनों पजल पार्किंग के लिए 2-2 कंपनियां आई थीं। दस्तावेजों की जांच की जा रही है। वहीं सेक्टर-63 में पजल पार्किंग का निर्माण शुरू कर दिया गया है। एक पजल पार्किंग से सालाना 36 लाख की कमाई होगी। इसी तरह विज्ञापन से अलग पैसा मिलेगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया- सेक्टर-15, 62 और 124 में पजल पार्किंग बनाने का काम जून में शुरू होगा। इन तीनों सेक्टर में अभी पार्किंग की काफी समस्या है। सड़क पर वाहनों के अनियंत्रित तरीके से खड़े होने की वजह से रोजाना जाम की समस्या हो रही है। इन जगह के आसपास ऐसी जगह नहीं है। जहां पर सड़क पर सरफेस पार्किंग या मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जा सके। 3 मिनट में खड़ी हो सकेगी कारऐसे में कम जगह में अधिक वाहनों को खड़े करने के लिए प्राधिकरण पजल पार्किंग की योजना पर काम कर रहा है।

# 50 लाख के जेवर के साथ 4 चोर गिरफ्तार

## ग्रेटर नोएडा में ऑटो से रेकी कर करते थे, ओमिक्रॉन-3 में की थी वारदात

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने शातिर चोरों के एक गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 लाख रुपए के सोने और चांदी के जेवरात बरामद किए। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यह गिरोह दिन और रात में ऑटो में बैठकर सेक्टरों और सोसायटियों में घूमता था। वे बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे और सही मौका देखकर ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। ऑटो में बैठक रेकी करतेचोरी के दौरान दो लोग ऑटो में बैठे रहते थे, जबकि दो से तीन सदस्य घरों में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चुराते थे। वारदात को अंजाम देने के बाद वे ऑटो में बैठकर फरार हो जाते थे। इस गिरोह ने एक दर्जन से अधिक चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान संभल निवासी प्रदीप, शिव कुमार, वीरेश उर्फ वीरू और सूरज उर्फ बंता के रूप में हुई है। इन चोरों ने 24 मई को अलग-अलग घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था, जबकि 21 मई को ओमिक्रॉन-3 में एक घर में चोरी की वारदात की थी। इन बदमाशों का लंबा आपराधिक इतिहास है। बरामद ज्वेलरी की कुल कीमत 50 लाखपुलिस ने आरोपियों के पास से 1 लाख 65 हजार रुपए नकद, सोने-चांदी की चेन, अंगूठियां, नोज पिन और अन्य ज्वेलरी बरामद की है।

# टॉवर से गिरकर इंजीनियर की मौत

## सिग्नल चेक करने चढ़ा था, सेफ्टी बेल्ट का लॉक टूटने से 190 फीट नीचे गिरा

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा, मोबाइल टॉवर पर काम कर रहे नेटवर्क इंजीनियर की नीचे गिरने से मौत हो गई। इंजीनियर नेटवर्क खराब होने पर टॉवर पर चढ़कर सिग्नल चेक कर रहा था। इसी दौरान सेफ्टी बेल्ट का लॉक टूट गया और वह करीब 190 फीट ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। हादसा रबूपुरा के गांव चांदपुर में दोपहर को हुआ। जिस टावर पर इंजीनियर चढ़ा था, वह एयरटेल कंपनी का है। मृतक की पहचान फिरोजाबाद के धर्मपुर गांव में रहने वाले श्यामवीर के बेटे शांतनु (30) के रूप में हुई है। वह एयरटेल मोबाइल नेटवर्क कंपनी में नेटवर्क इंजीनियर थे। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में नेटवर्क प्रभावित होने की शिकायत मिलने पर वह टीम के साथ टॉवर पर पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शांतनु टॉवर पर चढ़कर तकनीकी जांच कर रहे थे। तभी अचानक उसकी सेफ्टी बेल्ट खुल गई और वह सीधे जमीन पर आ गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथियों ने पुलिस की मदद से उसे तुरंत कासना स्थित जिम्स अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। आगरा में सेफ्टी बेल्ट टूटने से कुनाल की मौत इससे पहले इसी महीने 24 मई को भी आगरा में सेफ्टी बेल्ट का हुक टूटने से 16 साल के कुनाल की मौत हो गई थी। फिरोजाबाद के चूड़ी कारोबारी पंकज अग्रवाल और उनकी पत्नी के सामने उनके बेटे कुनाल की जिप लाइन झूले से गिरकर मौत हो गई थी।

# ककरवई में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

अमन लेखनी समाचार



ककरवई (झांसी)। ग्राम के हाट बाजार प्रांगण में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन पुष्पाल सिंह पाल एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार यादव ह्यवीरू नाटाह्ण रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक तिवारी, विनोद पाठक, सौरभ तिवारी, ब्रह्मानंद मिश्रा, नितिन मिश्रा, गिरजानंदन दीक्षित एवं शिवम राजा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोविंद प्रतीक ने किया। मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सादगी, सेवा और धर्मनिष्ठा का प्रतीक था। उन्होंने देशभर में अनेक मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया तथा काशी विश्वनाथ, सोमनाथ सहित बारह ज्योतिर्लिंगों और चारों धामों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर सौरभ तिवारी एवं नितिन मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए लोकमाता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बिहारी लाल पाल, कालका पाल, डॉ. मुमताज, बबलू पाल, सरजू पाल, मोहन पाल, हरेंद्र यादव, रामकुमार पाल, नवनीत, राममिलन यादव, रोहित चौरसिया, चंद्रपाल पाल, नरेश प्रजापति, रोहित भास्कर, उदयभान अहिरवार, सत्यम, हरेंद्र श्रीवास, सचिन गुप्ता, ब्रजेश श्रीवास, राजेश पाल, सत्येंद्र पाल, गिरवर बुंदेला, बॉबी पाल, भजन पांचाल, जगदीश पाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंत में आयोजक पुष्पाल पाल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सीढ़ी निर्माण को लेकर विवाद में सचिव की पीट-पीटकर हत्या, गांव में तनाव

अमन लेखनी समाचार

बेहंदर/हरदोई। कासिमपुर थाना क्षेत्र के छोटी बेहंदर गांव में मकान की सीढ़ी निर्माण को लेकर हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। चचेरे भाइयों के बीच शुरू हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसमें खाद विभाग के सचिव गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जबकि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, छोटी बेहंदर गांव निवासी प्रदीप पुत्र होशराम (39) रविवार दोपहर अपने मकान की दूसरी मंजिल तक पहुंचने के लिए सीढ़ी का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान उनके चचेरे भाई पिंटू उर्फ पंकज पुत्र बिहारी समेत परिवार के अन्य लोगों ने निर्माण कार्य का विरोध किया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि विपक्षी पक्ष के लोगों ने प्रदीप पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहंदर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए हरदोई ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान प्रदीप ने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी संडीला और कासिमपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। गांव में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

# मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण में सोनभद्र पुलिस द्वारा जनपद भर में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित

**महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद भर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, आत्मरक्षा तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं, महिलाओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जा रही है। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े विभिन्न सामाजिक विषयों जैसे महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, बाल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं लैंगिक समानता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों के संबंध में जागरूक किया गया। साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए मिशन शक्ति टीमों द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी, डळढ साझा न करने एवं डिजिटल सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई। आमजन से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी अथवा महिला संबंधी अपराध की सूचना तत्काल पुलिस एवं संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर**

112 - आपातकालीन सेवा
1090 - महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181 - महिला हेल्पलाइन
1930 - साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

## खास समाचार

# गंगा में डूबे दो मासूम छात्रों की मौत, गांव में पसरा मातम

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। अरवल थाना क्षेत्र के निकामदपुर गांव में शनिवार को दर्दनाक हादसा हो गया। भैंस चराने गए 9 वर्षीय ध्रुव और 10 वर्षीय किशन गंगा नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब चार घंटे की तलाश के बाद दोनों बच्चों के शव बरामद किए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। नायब तहसीलदार राजेश कुमार पटेल ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी

# कार सवार लोगों के साथ मारपीट

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। सड़क किनारे रखी लकड़ियों के ढेर पर कार चढ़ जाने को लेकर हुए विवाद के बाद कार सवार लोगों के साथ मारपीट और वाहन में तोड़फोड़ किए जाने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सेवढ़ई निवासी ओमप्रकाश पुत्र स्वर्गीय नंदराम द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार 13 मई को उनका पुत्र दीपक, दिलीप तथा उनके साले रामलड़ेते कार से संडीला जा रहे थे। आरोप है कि नंदापुरवा तिराहे के पास सड़क पर अचानक आए एक बकरे को बचाने के प्रयास में उनकी कार सड़क किनारे रखी लकड़ियों से टकरा गई, जिससे विवाद उत्पन्न हो गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि नंदापुरवा निवासी लक्ष्मण, नरेश, पप्पू उर्फ शिवबालक और पंकज ने गाली-गलौज करते हुए दीपक और रामलड़ेते के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपियों ने कार में तोड़फोड़ भी की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लेखपाल का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, जांच की मांग तेज

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। तहसील क्षेत्र के गांव मोहिउद्दीनपुर प्राइमरी स्कूल के पास परचून दुकान के पास से एक लेखपाल का कथित रूप से रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से क्षेत्र में चचाओं का माहौल गर्म हो गया है। वायरल वीडियो को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग उठने लगी है। जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो में मुकेश लेखपाल कथित तौर पर विरासत दर्ज कराने के नाम पर ग्रामीण राजेश राठौर पुत्र श्रीकिशन से 1100 रुपये लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि वीडियो 23 मई 2026 को शाम 3:23 बजे का है, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व संबंधी छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी लोगों को कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं और सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। ऐसे मामलों से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी। जांच में यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह वायरल वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और ग्रामीण पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# नगरी नाथ धाम में 11 दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ, श्रीराम कथा व शिव पुराण कथा का होगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार




मिजार्पुर। जिगना क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा नगरी नाथ धाम गौरा में आगामी 5 जून से 15 जून तक 11 दिवसीय भव्य श्री रुद्र महायज्ञ, श्रीराम कथा एवं शिव पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आयोजन समिति द्वारा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं तक कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाने के लिए पत्रकारों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की गई है। निवार्णी अखाड़ा अयोध्या के महंत श्री 1008 भूपेंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्र महायज्ञ, भगवान श्रीराम की महिमा का वर्णन करती श्रीराम कथा तथा भगवान शिव की महिमा पर आधारित शिव पुराण कथा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में दूर-दराज से संत-महात्माओं, कथा वाचकों एवं श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। महंत श्री 1008 भूपेंद्र दास जी महाराज ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में नैतिकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है। कथा और यज्ञ के माध्यम से लोगों को धर्म एवं संस्कृति के प्रति जागरूक किया जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह यज्ञ पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान होंगे, जबकि दोपहर एवं सायंकाल कथा प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल, प्रसाद वितरण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा तथा सुरक्षा व्यवस्था के भी विशेष प्रबंध किए जाएंगे। नगरी नाथ सेवा समिति एवं समस्त भक्तगण द्वारा आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में क्षेत्र सहित आसपास के जनपदों के हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर कथा श्रवण एवं यज्ञ में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के सोलहवें दिवस पर धनबाद मंडल का प्लास्टिक प्रदूषण उन्मूलन अभियान

अमन लेखनी समाचार



धनबाद। धनबाद मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस अभियान-2026 के सोलहवें दिवस के अवसर पर प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु एक विशेष जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर स्वास्थ्य निरीक्षकों एवं वाणिज्य निरीक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि स्टेशनों पर ह्यवर्जिन प्लास्टिकह्ण (नए प्लास्टिक) के उपयोग को चरणबद्ध रूप से समाप्त कर पुनर्चक्रित अथवा पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाया जाए। अभियान के दौरान स्टेशन परिसरों में कार्यरत सभी आपूर्तिकताओं, स्टॉल संचालकों, खान-पान ठेकेदारों, पैकेज्ड पेयजल आपूर्तिकताओं एवं स्थानीय वेंडर्स को पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। उन्हें पुनर्चक्रित एवं टिकाऊ विकल्पों के उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय तथा आर्थिक लाभों की जानकारी देते हुए ऐसे उत्पादों को प्राथमिकता देने हेतु प्रेरित और निर्देशित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक कचरे के उत्पादन में कमी लाना, रेलवे स्टेशनों को ह्यसिंगल-यूज प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र के रूप में विकसित करना तथा रेलवे बोर्ड की हरित पहलों को प्रभावी रूप से लागू करना है। धनबाद मंडल पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए यात्रियों एवं संबंधित हितधारकों के सहयोग से एक स्वच्छ, हरित एवं सतत भविष्य के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित, वरिष्ठ पत्रकार जयंत कुमार मिश्र सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




बस्ती / हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रेस क्लब बस्ती द्वारा अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय के संयोजन में हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर एक भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिन्दी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास, उसके बदलते स्वरूप तथा वर्तमान समय में पत्रकारों की भूमिका पर गंभीर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रेस क्लब के फाउंडर मेंबर (उपज प्रदेश सचिव) वरिष्ठ पत्रकार जयंत कुमार मिश्र को प्रेस क्लब की ओर से 11 हजार रुपये का चेक, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार जयंत कुमार मिश्र ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने देश की स्वतंत्रता, सामाजिक जागरूकता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों का संप्रेषण नहीं बल्कि समाज को सही दिशा देने का माध्यम है। वर्तमान दौर में तकनीक और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बीच पत्रकारों की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि निष्पक्षता, सत्यता और जनहित पत्रकारिता की आत्मा हैं, जिन्हें हर हाल में बनाए रखना होगा। विचार गोष्ठी में वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. त्रिभुवन प्रसाद मिश्र ने हिन्दी पत्रकारिता के दो सौ वर्षों की यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने समय-समय पर समाज में व्याप्त कुरीतियों, भ्रष्टाचार और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ पत्रकारिता के स्वरूप में परिवर्तन अवश्य आया है, लेकिन उसका मूल उद्देश्य जनसरोकारों को उठाना ही होना चाहिए। उन्होंने युवा पत्रकारों से अध्ययनशील और जिम्मेदार बनने का आह्वान किया। प्रख्यात साहित्यकार एवं चिंतक डॉ. राम कृष्ण लाल ह्यजगमगह्ण ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिन्दी पत्रकारिता और साहित्य का संबंध सदैव से गहरा रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण होती है और पत्रकार लोकतंत्र के प्रहरी होते हैं। यदि पत्रकार निष्पक्षता और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने पत्रकारिता में भाषा की शुद्धता और संवेदनशीलता बनाए रखने पर भी जोर दिया। वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चन्द्र पांडेय ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने दो शताब्दियों की अपनी यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन जनहित और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता सदैव बनी रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाचारों की गति तो बढ़ी है, लेकिन पत्रकारों के सामने तथ्यों की सत्यता और विश्वसनीयता बनाए रखने की बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य केवल खबर देना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करना और सकारात्मक बदलाव की दिशा में कार्य करना भी है। उन्होंने युवा पत्रकारों से नैतिक मूल्यों, निष्पक्षता और सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए पत्रकारिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं बल्कि आत्ममंथन का भी अवसर है।

# ऑपरेशन के दौरान आशा बहू की मौत, अस्पताल सील; संचालक समेत चिकित्सकों पर मुकदमे की तैयारी

अमन लेखनी समाचार

कोन (सोनभद्र)। कोन क्षेत्र स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर में प्रसव के दौरान आशा बहू की मौत के बाद शनिवार को भारी जनाक्रोश देखने को मिला। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। प्रशासन ने अस्पताल को सील कर संचालक एवं संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सिंगा-बागेसोती निवासी लगभग 38 वर्षीय सीमा देवी पत्नी देवनारायण आशा बहू के रूप में कार्यरत थीं। प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें देर रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार उनके पहले चार प्रसव सामान्य तरीके से हुए थे, लेकिन इस बार अस्पताल पहुंचते ही ऑपरेशन की सलाह दी गई आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई और समय पर उचित उपचार न मिलने से उनकी मौत हो गई, जबकि नवजात सुरक्षित है मृतका के परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी अस्पताल छोड़कर चले गए। इससे नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। इसी अस्पताल में भर्ती एक अन्य प्रसूता कुसुमरी देवी (35) निवासी लौकवाखाड़ी बागेसोती की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की मौजूदगी में उन्हें सरकारी अस्पताल रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने संबंधित लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए तथा कहा कि क्षेत्र में अपंजीकृत अस्पतालों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। उनकी मौजूदगी में अस्पताल को सील कर दिया गया। एसीएमओ गुलाब शंकर यादव ने बताया कि अस्पताल के खिलाफ पूर्व में भी कार्रवाई की जा चुकी है। फिलहाल अस्पताल संचालक नसीम अंसारी तथा संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है इस मौके पर उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, एसीएमओ डॉक्टर गुलाब शंकर यादव, डॉक्टर कृति आजाद बिंद, प्रधान संघ जिलाध्यक्ष लक्ष्मी जायसवाल, विजय शंकर यादव, भाजपा पूर्व ब्लॉक प्रमुख बंशीधर, भाजपा नेता अलख नारायण शुक्ला, जोखन यादव आदि लोग उपस्थित रहे। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। वहीं ग्रामीणों ने अवैध अस्पतालों के संचालन और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं।

# ग्राम कचीर में गौ आधारित प्राकृतिक खेती किसान गोष्ठी आयोजित

अमन लेखनी समाचार




गरौठा। तहसील क्षेत्र के ग्राम कचीर में रविवार को गौ आधारित प्राकृतिक खेती किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शत्रुघ्न सिंह परिहार (जिला पंचायत सदस्य ककरवई) सतीशचंद्र चौरसिया, प्रसिद्ध नारायण यादव, अवधेश फौजी एवं श्यामाकांत तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम आयोजक शैलेन्द्र सिंह परिहार ने सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने गांव के गौपालकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में श्याम बिहारी गुप्ता ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को कम कर गौ आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने जीवामृत के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती से भूमि की उर्वरता बढ़ती है और उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक गौपालन करने की अपील की तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। गोष्ठी में शैलेन्द्र सिंह फौजी, छत्रपाल पाल, अभिलाष मुखिया, रामपाल निषाद, श्याम जादूगर, वीर सिंह यादव, राजेंद्र परिहार, विनोद परिहार, रूपराम, रामकुमार यादव, हृदेश नापित, गंगाचरण सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# पिपरी पुलिस द्वारा धारा 108 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के कुशल निर्देशन में थाना पिपरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना पिपरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 105/2026, धारा 108 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम लगातार प्रयासरत थी। अभियुक्त घटना के उपरांत फरार चल रहा था आज दिनांक 30.05.2026 को थाना पिपरी पुलिस द्वारा रोकथाम अपराध एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को नौकुटिया मोड़ के पास से समय करीब 08:45 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# 'राख' में पुलिस वर्दी में रौब जमाएंगे अली फजल

मुंबई। अली फजल की फिल्म 'मिर्जापुरः द मूवी' का इंतजार लोग बेसब्री से कर रहे हैं। इससे पहले अभिनेता अपनी नई सीरीज 'राख' के जरिए दर्शकों को तोहफा देने आ रहे हैं, जिसमें सोनाली बेंद्रे भी हैं। इसका निर्देशन प्रोसित रॉय ने किया है, जिन्हें 'पाताल लोक' जैसी चर्चित सीरीज के लिए जाना जाता है। लेखन व सह-निर्देशन अनुषा नंदकुमार और संदीप साकेत ने मिलकर किया है। 'राख' के पोस्टर में अली पुलिस की वर्दी पहने जांच अधिकारी के किरदार में नजर आ रहे हैं। इसकी कहानी भी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है जो 2 लापता किशोरों की तलाश में जुटा हुआ है। इस घटना ने पूरे शहर में दहशत फैला दी है।

## लाइफ Style

# किआरा

## 'टॉक्सिक' ने जिंदगी में किए ये खास बदलाव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

किआरा आडवाणी फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी। उनका कहना है कि इस फिल्म ने प्यार को देखने के उनके निजी नजरिए को ही बदल दिया है। इस फिल्म में कियारा 'नादिया' नाम का एक किरदार निभा रही हैं, जो आजाद खयालों वाली और किसी पर निर्भर न रहने वाली लड़की है।

कियारा ने बताया, 'टॉक्सिक' के साथ मुझे लगता है कि यह लड़का-लड़की के रिश्तों को देखने का हमारा तरीका ही बदल देता है। सच कहूं तो, जब गीतू मोहनदास ने मुझे इसकी कहानी सुनाई, तब मुझे यह समझने में थोड़ा वक्त लगा कि ठीक है, यह भी सामान्य है। भले ही यह शायद सीधा-सरल न हो, या हमारे पारंपरिक सोच से हटकर हो, लेकिन प्यार में भी एक खास तरह की आजादी होती है।' यह कहानी रिश्तों को ऐसे दिखाती है, जो हमेशा सही या गलत के दायरे में नहीं आते, फिर भी उनमें एक तरह की मुक्ति का अहसास होता है। 'टॉक्सिक' की शूटिंग करना कियारा के लिए आसान नहीं था। उन्हें हर सीन को दो बार शूट करना पड़ा था, एक बार अंग्रेजी में और एक बार कन्नड़ में। कियारा को हर रात नए संवाद याद करने पड़ते थे, जिससे यह काम काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता था। इस फिल्म में नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वासंथ जैसे सितारे भी हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज (जो पहले 4 जून को होने वाली थी) कई बार टल चुकी है, फिर भी कियारा को भरोसा है कि वह जल्द ही दर्शकों के साथ प्यार के इस अनोखे नजारे को साझा कर पाएंगी।



## हॉलीवुड मसाला




# टॉय स्टोरी-5 रिलीज होगी 19 जून को

लॉस एंजिल्स। 'टॉय स्टोरी 5' 19 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है और उम्मीद है कि यह अब तक की सबसे भावुक फिल्म होगी। वुड्डी का किरदार निभाने वाले टॉम हैंक्स ने लंदन में फिल्म के लॉन्च के दौरान बताया कि एक ऐसा सीन है, जिसमें एक छोटी लड़की को बुरे मैसेज मिलने पर चोट पहुंचती है और यह सीन इस पूरी सीरीज के सबसे ज्यादा भावुक पलों में से एक है। फिल्म की कहानी करती है इस चीज की पड़ताल इस बार कहानी गहराई से पड़ताल करती है कि तकनीक बच्चों को कैसे प्रभावित करती है।




# 'टैट्स फिंके डेजर्ट रेस' पर ला रहे हैं तूफानी फिल्म...

लॉस एंजिल्स। क्रिस हेम्सवर्थ जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म ऑस्ट्रेलिया की एक बेहद मशहूर और मुश्किल मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता टैट्स फिंके डेजर्ट रेस पर आधारित होगी। इस फिल्म को 'वाइल्ड स्टेट प्रोडक्शंस' बना रही है, जिसकी शुरुआत क्रिस ने अपने दोस्त बेन ग्रैसन के साथ मिलकर की थी। फिल्म ऑस्ट्रेलिया के नॉर्दर्न टेरिटरी में होने वाली इस दो दिवसीय ऑफ-रोड रेस के जबरदस्त रोमांच को दर्शकों तक पहुंचाएगी। फिंके डेजर्ट रेस बेहद खतरनाक और मुश्किल मानी जाती है। यह कमजोर दिल वालों के लिए बिल्कुल नहीं है। क्रिस का ऑफ-रोड रेसिंग से गहरा जुड़ाव रहा है और वह इस एड्रेनालिन से भरे अनुभव को दुनिया भर के दर्शकों के साथ बांटना चाहते हैं।



# पिता के संदेश ने छुड़वाई शराब की लत...

मुंबई। पूजा भट्ट ने हाल ही में बताया कि साल 2014 में उनकी शादी के एक मुश्किल दौर में शराब के साथ उनका संघर्ष शुरू हुआ था, लेकिन असली बदलाव दिसंबर, 2016 में आया। तब उनके पिता महेश भट्ट ने उन्हें एक बहुत ही सीधा और असरदार संदेश भेजते हुए लिखा था, 'अगर तुम मुझसे प्यार करती हो, तो खुद से प्यार करना सीखो, क्योंकि मैं तुममें रहता हूं।' इसी संदेश के बाद पूजा ने हमेशा के लिए शराब छोड़ दी और खुद से प्यार करने पर ध्यान देना शुरू किया। पूजा शराब छोड़ने की सालगिरह को खुद की देखभाल के रूप में हैं मनाती है। उस दिन से पूजा ने शराब पीना छोड़ दिया है और वह हर सालगिरह को आत्म-देखभाल के उत्सव के तौर पर मनाती हैं। वह बताती हैं कि दोस्तों का दबाव झेलना पड़ा, खासकर जन्मदिन और सालगिरह पर।



# देव पटेल ने पूरी की द पीजेंट की शूटिंग

मुंबई। देव पटेल ने अपनी हालिया फिल्म 'द पीजेंट' की शूटिंग पूरी कर ली है। इस प्रोजेक्ट में वे निर्देशन के साथ-साथ मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं। 14वीं सदी के बदले की यह कहानी ए24 प्रोडक्शन हाउस की पहली ऐसी फिल्म है, जिसकी शूटिंग भारत में हुई है। इसे महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान जैसे कई राज्यों में फिल्माया गया है। साल 2024 में आई उनकी फिल्म 'मंकी मैन' के बाद यह देव का दूसरा निर्देशन है। 'द पीजेंट' को देव और विल डन ने मिलकर लिखा है। यह कहानी एक ऐसे चरवाहे की है, जो अपने गांव को तबाह करने वाले भाड़े के सैनिकों से बदला लेना चाहता है। इसमें आपको 'ब्रेवहार्ट', 'जॉन विक' और 'किंग आर्थर' जैसी फिल्मों का मिला-जुला अंदाज दिखेगा।

## टीवी मसाला




# नागिन 7 में इंतकाम की रात ड्रैगन का खात्मा करेंगी 3 नागिन

मुंबई। नागिन फ्रेंचाइजी के फैंस की एक्साइटमेंट पीक पर है। सीजन 7 क्लाइमैक्स की ओर है। 7 जून को शो ऑफएयर होगा। इससे पहले टीवी क्वीन एकता कपूर ने शो को लेकर बज क्रिएट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिनाले से पहले नागिन 7 में ढेरों ट्विस्ट एंड टर्न्स आ रहे हैं। धीरे-धीरे नागलोक के सभी राज खुल रहे हैं। नया प्रोमो सामने आया है जिसमें धमाकेदार फिनाले की झलक दिखी है।

*तीन नागिन एक साथ आएंगी इंतकाम लेने* : अगले माह 6-7 जून को नागिन सीजन 7 का महाएपिसोड आएगा. नागिन अनंता और ड्रैगन राधिका के बीच छिड़े संग्राम ने पूरे नागलोक पर कहर बरपा रखा है। 6-7 जून कयामत की रात होगी। ड्रैगन से निपटने के लिए एक साथ तीन नागिन आएंगी और इंतकाम लेंगी। अनीता हसनंदानी, तेजस्वी प्रकाश और प्रियंका चाहर चौधरी मिलकर ड्रैगन पर आखिर वार करेंगी। ये प्रोमो देखकर फैंस एपिसोड देखने को बेताब हैं। अनीता और तेजस्वी की एंट्री के साथ फिनाले एफिसोड नोस्टाल्जिक फील देने वाला है।

*अनंता की लौट चुकी है याददाश्त* : शो में अनंता की याद्दाश्त लौट चुकी है। उसे राधिका की सच्चाई पता चल गई है कि वो ड्रैगन है जो कि नागिनों का सबसे बड़ा दुश्मन है। अनंता को देश बचाना है, सूरी परिवार से अपनों की मौत का बदला लेना है, अनंत कुल को श्राप से मुक्त करना है और राधिका से नागमणि वापस लेनी है। आने वाले एपिसोड में अनंता के सामने खुलासा होगा कि राधिका उसकी सगी बहन है। ड्रैगन और नागिन की भिड़ंत होगी। गुप्त नाग मंदिर में रखा मिस्ट्री स्टैच्यू आखिर किसका है, इसका जवाब मिलेगा।

**शो पहले दिन से ही है सुर्खियों में** : शो पहले दिन से सुर्खियों में है। अनंता के रोल में प्रियंका चाहर चौधरी ने दमदार काम किया है। वो लोगों को इतनी फेवरेट बन चुकी हैं कि नेक्स्ट सीजन में भी जनता की उन्हें ही कास्ट करने की डिमांड है। नमिक पॉल संग उनकी केमिस्ट्री शानदार लगी है। वहीं कनिका मान ने राधिका (ड्रैगन) के रोल में प्रियंका को कड़ी टक्कर दी है।

## 7 जून को है एकता कपूर का जन्मदिन

शो का आखिरी टेलीकास्ट 7 जून को खास मकसद से रखा गया है. इस दिन एकता कपूर का जन्मदिन है। फिनाले से पहले नागिन 7 के एक्टर्स सोशल मीडिया पर बिहाइंड द सीन शेयर कर बज बना रहे हैं। सबकी नजरें क्लाइमैक्स पर टिकी हैं।

# रजनीकांत की 'जेलर 2' में शाहरुख की जगह ले सकते हैं ऋतिक रोशन

मुंबई। रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' इस साल के आखिर में रिलीज होने के लिए तैयार है। पहले खबर थी कि इसमें शाहरुख खान का कैमियो होगा, लेकिन फिर जानकारी आई कि अपनी फिल्म 'किंग' की व्यस्तता के चलते उन्होंने 'जेलर 2' से किनारा कर लिया है। इस खबर ने बेशक फैंस का दिल तोड़ दिया, जो रजनीकांत और शाहरुख को एक साथ स्क्रीन पर देखना चाहते थे। अब खबर है कि शाहरुख की जगह एक दूसरा कलाकार ले सकता है।



### ऋतिक से किया गया है संपर्क

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख के फिल्म से पीछे हटने के बाद, निर्माताओं ने कैमियो के लिए ऋतिक रोशन से संपर्क किया है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो यह दूसरा मौका होगा, जब ऋतिक को रजनीकांत के साथ फिल्म में देखा जाएगा। इससे पहले दोनों ने 'भगवान दादा' (1986) में साथ काम किया था। दिलचस्प बात यह है कि उस वक्त ऋतिक महज 12 साल के थे और उन्होंने रजनीकांत के बेटे, गोविंदा दादा का किरदार निभाया था।

### 'जेलर 2' में दिखाई देंगे ये सितारे

'जेलर 2' का पहला भाग साल 2023 में आया था, जो ब्लॉकबस्टर रहा। अब अभिनेता सीक्वल के साथ वापसी कर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान एक बार फिर नेल्सन दिलीप कुमार ने संभाली है। फिल्मफेयर के मुताबिक, निर्माता 11 सितंबर को इसे रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। रजनीकांत के अलावा, 'जेलर 2' में विद्या बालन और मिथुन चक्रवर्ती भी नजर आएंगे। वहीं मोहनलाल और शिव राजकुमार को कैमियो करते हुए देखा जाएगा।

# मुख्यमंत्री विजय थलापति के बेटे जेसनकी पहली निर्देशित फिल्म 'सिग्मा' को मिली रिलीज तारीख

मुंबई। तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री थलापति विजय (सी जोसेफ विजय) के बेटे जेसन संजय चर्चा में हैं। उनकी पहली निर्देशित फिल्म 'सिग्मा' को रिलीज तारीख मिल गई है, जिसका आधिकारिक तौर पर ऐलान हो गया है। संदीप किशन अभिनीत इस फिल्म के जरिए जेसन निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। तमिल सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक के बेटे होने के नाते, जेसन की फिल्म पर हर किसी की नजरें टिकी हैं।



### जुलाई में सिनेमाघरों में दस्तक देगी

निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान करते हुए लिखा, 'एक बड़ी जोखिम भरी डकैती शुरू होती है। 'सिग्मा' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में धूम मचाने आ रही है। अंतिम खोज के लिए तैयार हो जाइए।' इस ऐलान के बाद से प्रशंसकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। सुबास्करन द्वारा लाइका प्रोडक्शंस बैनर के तहत निर्मित यह फिल्म फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। निर्माता जल्द ही इसे सेंसर कमेटी के पास भेजेंगे।

### रोमांचक मिशन पर आधारित होगी फिल्म

'सिग्मा' को जेसन ने लिखा और निर्देशित किया है, जिसे एक्शन-एडवेंचर कॉमेडी के रूप में वर्णित किया जा रहा है। फिल्म में चोरी के तत्व भी शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, कहानी एक ऐसे व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है जो समाज की अपेक्षाओं को धता बताते हुए छिपे हुए खजानों की खोज में निकल पड़ता है। फिल्म में संदीप के अलावा, फरिया अब्दुल्ला, राजू सुंदरम, अंबु थासन, मगालक्ष्मी सुदर्शनन, योग जापी और संपत राज जैसे सितारे नजर आएंगे।

## फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में हो रही रिलीज

# 'है जवानी तो इश्क...' से पहले वरुण धवन की देखने लायक फिल्में, बंपर हुई थी कमाई

*मुंबई। डेविड धवन द्वारा निर्देशित यह एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसमें मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए वरुण अपने कॉमिक अंदाज में लौट रहे हैं। दर्शक भी फिल्म से काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। खैर फिल्म आने में समय है, इसलिए वरुण की पिछली कमाऊ फिल्मों को ओटीटी पर देखने का बिल्कुल सही समय है।*

### 'बॉर्डर 2'

1997 में आई सनी देओल की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल जनवरी, 2026 में रिलीज हुआ था। इसमें सनी के अलावा, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण भी मुख्य किरदार में हैं। वरुण ने परमवीर चक्र से सम्मानित युद्ध नायक 'मेजर होशियार सिंह दहिया' का किरदार निभाया है। रिलीज से पहले अभिनेता को उनके अभिनय के लिए काफी ट्रोल किया गया था, लेकिन बाद में उन्होंने जनता का दिल जीत लिया। इसने दुनियाभर में करीब 482 करोड़ रुपये कमाए थे।

### 'जुड़वां 2' और 'कुली नंबर 1'

2017 में आई फिल्म 'जुड़वां 2' में वरुण को जैकलीन फर्नांडिस और तापसी पन्नू के साथ इश्क लड़ाते हुए देखा गया था। यह अभिनेता के करियर की सबसे सफल फिल्मों में से एक है, जिसमें रोमांस के साथ कॉमेडी भी बेशुमार है। फिल्म ने करीब 227.59 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं 'कुली नंबर 1' में वरुण के साथ सारा अली खान नजर आई हैं। इसमें भी अभिनेता का कूल और कॉमिक अंदाज दिखा है। इसने 182 करोड़ रुपये कमाए थे।



### 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' और 'एबीसीडी 2'

आलिया भट्ट के साथ आई फिल्म 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 200.45 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया था। इसमें वरुण और आलिया की केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आई थी। इसके गाने भी काफी लोकप्रिय हैं। दूसरी ओर, रेमो डिसूजा की फिल्म 'एबीसीडी 2' में वरुण ने अपने अभिनय और डांस कौशल से हर किसी को हैरान कर दिया था। उनके साथ श्रद्धा कपूर मुख्य किरदार में हैं। इसने करीब 161.49 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

# पांच साल बाद लौटी स्पाइडर-मैन की दुनिया

मुंबई। टॉम हॉलैंड, 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' में पीटर पार्कर के रूप में वापसी कर रहे हैं, जो लगभग 5 साल बाद बड़े पर्दे पर आ रही है। टॉम ने बताया कि उन्होंने फिल्म की कहानी गढ़ने में मदद की थी और इसके लिए 'स्पाइडर-प्यूबर्टी' का विचार रखा था। इस विचार में पीटर के जीवन में आने वाले बदलावों और अपनी भावनाओं पर नियंत्रण खोने की मुश्किलों को दिखाया जाना था। हालांकि, यह टैगलाइन फिल्म में इस्तेमाल नहीं हुई, लेकिन इसका विषय फिल्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। यह फिल्म 31 जुलाई 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में एक साथ 6 भाषाओं में रिलीज होगी, जिनमें अंग्रेजी और हिंदी भी शामिल हैं।



### निदेर्शन किया डेस्टिन क्रेडन ने

टॉम का कहना है कि वह देखना चाहेंगे कि भविष्य में माइल्स मोरालेस या स्पाइडर-ग्वेन स्पाइडर-मैन की कमान संभालें, ठीक वैसे ही जैसे आयरन मैन ने नए नायकों का मार्गदर्शन किया था। इस फिल्म का निर्देशन डेस्टिन डैनियल क्रेडन ने किया है और इसमें जेंडया, जैकब बटालॉन, सैडी सिंक, जॉन बर्थल और मार्क रफालो जैसे कलाकार भी हैं।